या देवी सर्वभूतेषु कान्तिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु लक्ष्मीरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु स्मृतिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु दयारूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु तुष्टिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
या देवी सर्वभूतेषु भ्रांतिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमोनमः।।
इन्द्रियाणामधिष्ठात्री भूतानां चाखिलेषु या। भूतेषु सततं तस्यै व्याप्तिदेव्यै नमो नमः।।
चितिरूपेण या कृत्स्नमेतद्व्याप्य स्थिता जगत्। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।

स्तुता सुरैः पूर्वमभीष्टसंश्रया- त्तथा सुरेन्द्रेण दिनेषु सेविता।
करोतु सा नः शुभहेतुरीश्वरी, शुभानि भद्राण्यभिहन्तु चापदः।।
या साम्प्रतं चोद्धतदैत्यतापितै, रस्माभिरीशा च सुरैर्नमस्यते।
या च स्मृता तत्क्षणमेव हन्ति नः, सर्वापदो भक्तिविनम्रमूर्तिभिः।।

दुर्गा सिद्ध मन्त्र स्तोत्र

देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद, प्रसीद मातर् जगतोऽखिलस्य।
प्रसीद विश्वेश्वरि पाहि विश्वं, त्वमीश्वरी देवि चराचरस्य।।

अर्थः- शरणागत की पीड़ा को दूर करने वाली देवी! हम पर प्रसन्न होओ। पूरे विश्व की जननी! प्रसन्न होवो। हे विश्वेश्वरि! विश्व की रक्षा करो। हे देवी! तुम चराचर जगत् की अधीश्वरी (स्वामी) हो।

त्वं वैष्णवी शक्तिरनन्तवीर्या, विश्वस्य बीजं परमासि माया।
सम्मोहितं देवि समस्तमेतत, त्वं वै प्रसन्ना भुवि मुक्ति हेतुः।।

अर्थः- हे देवी! तुम अनन्त बलयुक्त वैष्णवी शक्ति हो, इस विश्व की बीजरूपा परा माया हो, आप ने इस पूरे विश्व को मोहित कर रखा है, आप ही प्रसन्न होने पर इस पृथ्वी पर मोक्ष की प्राप्ति कराती हो।

विद्याः समस्तास्तव देवि भेदाः, स्त्रियः समस्ताः सकला जगत्सु।

त्वयैकया पूरितम् अम्बयैतत्, का ते स्तुतिः स्तव्यपरा परोक्तिः।।

अर्थः- हे देवी! समस्त विद्यायें आप के ही अलग-अलग रूप हैं संसार में जितनी भी स्त्रियां हैं सब आप की ही मूर्तियां है, हे जगत् अम्बा! एक मात्र आपने इस पूरे विश्व को व्याप्त कर रखा है आप की स्तुति क्या हो सकती है आप स्तवन करने योग्य पदार्थों से परे हो।

विश्वेश्वरि त्वं परिपासि विश्वं, विश्वात्मिका धारयसीति विश्वम्।
विश्वेशवन्ध्या भवती भवन्ति, विश्वाश्रया ये त्वयि भक्ति नम्राः।।

अर्थः- हे विश्वेश्वरि! आप विश्व का पालन करती हो, आप विश्व रूपा हो, इस कारण आप समस्त विश्व को धारण करती हो आप भगवान् विश्वनाथ की भी वन्दनीया हो, जो लोग भक्तिपूर्वक आप के सामने सिर झुकाते हैं वे सम्पूर्ण विश्व को आश्रय देने वाले होते हैं।

दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेष जन्तोः, स्वस्थैः स्मृता मतिमतीव शुभां ददासि।
द्रारिद्र्य-दुःख भय-हारिणि का त्वदन्या, सर्वोपकार करणाय सदार्द्रचित्ता।।

अर्थः- मां दुर्गे! आप स्मरण करने पर सब प्राणियों का भय दूर करती है और स्वस्थ पुरुषों द्वारा चिन्तन करने पर उन्हें कल्याणमयी बुद्धि प्रदान करती है। दुःख दरिद्रता और भय हरने वाली देवी! आप के सिवा दूसरी कौन है जिस का चित सबका उपकार करने के लिये हमेशा दयार्द्र रहता है।

सर्वमङ्गल-मङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्रम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।।

अर्थः- सभी शुभकामनाओं को सिद्ध करने से सुन्दर अथवा कल्याणकारी धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष को देने वाली दुःखों से रक्षा करने वाली, अग्नि, चन्द्रमा, सूर्य रूपी तीन नेत्रों वाली, दक्ष प्रजापत के यज्ञ में योग अग्नि में भस्म बनी हुई अतः गौर वर्ण वाली, विष्णु की लक्ष्मी रूपा शक्ति वाली माता तुम्हें नमस्कार हो।

शरणागत दीनार्त परित्राण परायणे। सर्वस्यार्तिहरे देवि नारायणि नमोस्तु ते।।

अर्थः- शरण में आये हुये दीनों एवं पीडितों की रक्षा में संलग्न रहने वाली तथा सब की पीडा दूर करने वाली नारायणी देवी! आप को नमस्कार है।

सप्तश्लोकी दुर्गा

ज्ञानि-नाम्-अपि चेतांसि देवी भगवती हि सा। बलात्-आकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति।।1।।

अर्थः- भगवती माहमाया देवी ज्ञानियों के भी चित को बलपूर्वक खींच कर मोह में डाल देती है।।1।।

दुर्गे स्मृता हरसि भीतिम्-अशेष-जन्तोः स्वस्थैः स्मृता मतिम्-अतीव शुभां ददासि।

दारि-द्र्य-दुःख-भय-हारिणि का त्वत्-अन्या सर्वोप-कार-करणाय दयार्द्र-चिता।।2।।

अर्थः माँ दुर्गे ! आप स्मरण करने पर सब प्राणियों का भय हर लेती है, और स्वस्थ पुरुषों द्वारा चिन्तन करने पर उन्हें परम कल्याण रूपी बुद्धि देती है, दुःख दरिद्रता हरने वाली देवी आप के बिना कौन है जिस का चित्त सब का उपकार करने के लिये सदा ही दयार्द्र रहता है।।2।।

सर्व-मंगल-मंगल्ये शिवे सर्वार्थ-साधिके, शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तुते।।3।।

अर्थः- हे माँ ! तुम सब प्रकार का मंगल करने वाली मंगलमयी हो, कल्याण करने वाली शिवा हो, सब पुरुषार्थों को सिद्ध करने वाली, शरणागत-वत्सला, तीन नेत्रों वाली तथा सब की पीड़ा, दूर करने वाली, नारायणी देवी, तुम्हें नमस्कार है।

शरणागत-दीनार्त-परित्राण-परायणे सर्वस्यार्ति-हरे देवि नारायणि नमोस्तु ते ।।4।।

अर्थः- शरण में आये हुये, दीनों एवं पीड़ितों की रक्षा में लगी रहने वाली, तथा सब की पीड़ा दूर करने वाली, नारायणी देवी तुम्हें नमस्कार है।

सर्व-स्वरूपे सर्वेशे सर्व-शक्ति-समन्विते, भयेभ्यस्त्राहि-नो देवि दुर्गे देवि नमोस्तुते।।5।।

अर्थः- सर्वरूपा, सर्वेश्वरी तथा सब प्रकार की शक्तियां से सम्पन्न, दिव्यरूपा दुर्गे सब भयों से हमारी रक्षा करो, तुम्हें नमस्कार है।

रोगान्-अशेषान्-अपहंसि तुष्टा रुष्टा-तु कामान् सकलान्-अभीष्टान्
त्वाम्-आश्रितानां न विपत्-नराणां त्वाम्-आश्रिता ह्या श्रयतां प्रयान्ति।।6।।

अर्थः- हे देवी! तुम प्रसन्न होने पर सब रोगों को नष्ट करने वाली, और कुपित होने पर मनोवांछित सभी कामनाओं का नाश कर देती हो। जो लोग तुम्हारी शरण में जा चुके हैं, उन पर विपत्ति आती ही नहीं है, तुम्हारी शरण में गये हुये मनुष्य दूसरों को शरण देने वाले हो जाते है।।6।।

सर्वा-बाधा-प्रशमनं त्रैलोक्य-स्याखिलेश्वरि एवम्-एव त्वया कार्यम्-अस्मत्-वैरि-विनाशनम्।।7।।

अर्थः- हे सर्वेश्वरि ! जिस प्रकार तुम ने मधुकैटभ का नाश किया तुम उसी प्रकार तीनों लोकों की सभी बाधाओं को शान्त करो और

गायत्री चालीसा

ॐ भूर्भवः स्वः ॐ युतजननी, गायत्री नितकलिमल दहनी।
अक्षर चौबीस परम पुनिता, इनमें बसे शास्त्र श्रुति गीता।
शाश्वत सतोगुणी सत् रूपा, सत्य सनातन सुधा अनूपा।
हंसारूढ सितम्बर धारी, स्वर्णकान्ति, शुचि गगन बिहारी।

पुस्तक पुष्प कमण्डलु माला, शुभ्र वर्ण तनु नयन विशाला।
ध्यान धरत पुलकित हियहोई, सुख उपजल दुख दुरमति खोई।
कामधेनु तुम सुर तरु छाया, निराकर ही अद्भुत माया।
तुम्हरी शरण गहै जो कोई, तरै सकल संकट सो सोई।
सरस्वती लक्ष्मी तुम काली, दिपै तुम्हारी ज्योति निराली।
तुम्हरी महिमा पार न पावै, जो शारद शत मुख गुन गावै।
चार वेद की मातु पुनीता, तुम ब्रह्माणी गौरी सीता।
महा मन्त्र जितने जग माहीं, कोऊ गायत्री सम नाहीं।
सुमरत हिय में ज्ञान प्रकासै, आलस्य पाप अविद्या नासै।
सृष्टि बीज जग जननि भवानी, कालरात्रि वरदा कल्याणी।
ब्रह्मा विष्णु रुद्र सुर जेते, तुमसों पावें सुरता तेते।
तुम भक्तन की भक्त तुम्हारे, जननि हिं पुत्र प्राण ते प्यारे।
महिमा अपरम्पार तुम्हारी, जै जै जै त्रिपदा भय हारी।
पूरित सकल ज्ञान-विज्ञाना, तुम सम अधिक न जग में आना।
तुमहि जानि कछू रहे न शेषा, तुमहिं पाय कछू रहै न कलेषा।

जानत तुमहिं तुमहिं है जाई, पारस परसि कुधातु सुहाई

तुम्हरी शक्ति दिपै सब ठाईं, माता तुम सब ठौर समाई।

ग्रह नक्षत्र ब्रह्माण्ड घनेरे, सब गतिवान् तुम्हारे प्रेरे।

सकल सृष्टि की प्राण विधाता, पालक पोषक नाशक त्राता।

मातेश्वरी दया व्रतधारी, तुम सम तेर पालकी भारी।

जा कर कृपा तुम्हारी होई, ता पर कृपा करे सब कोई।

मन्द बुद्धि ते बुद्धि बल पावें, रोगी रोग रहित है जावें।

दारिद्र मिटै कटै सब पीरा, नासै दुख्ख हर भव भीरा।

गृह क्लेश चित चिन्ता भारी, नासै गायत्री भय हारी।

सन्तति हीन सुसन्तति पावें, सुख सम्पत्ति युत मोद मनावें।

भूत पिशाच सबै भय खावें, यम के दूत निकट नहीं आवें।

जो सधवा सुमिरें चितलाई, अछत सुहाग सदा सुखदाई।

घर बर सुख प्रबल हैं कुमारी, विधवा रहें सत्य व्रत धारी।

जयति जयति जगदम्ब भवानी, तुम सम और दयालु न दानी।

जो सद्गुरु से दीक्षा पावैं, सो साधन को सफल बनावें।
सुमिरन करै सुरुचि बडभागी, लहैं मनोरथ गृही विरागी।
अष्ट सिधि नव निधि की दाता, सब समर्थ गायत्री माता।
ऋषि मुनि तपस्वी योगी, आरत अर्थी चिन्तित भोगी।
जो जो शरण तुम्हारी आवैं, सो सो निज वांछित फल पावैं।
बल विद्या शील सुभाऊ, धन वैभव यश तेज उछाहू।
सकल बढ़ें सुख नाना, जो यह पाठ करै धर ध्याना।
यह चालीसा भक्तियुत, पाठ करै जो कोय,
तापर कृपा प्रसन्नता, गायत्री की होय।हमारे शत्रुओं का नाश करती रहो।

दुर्गास्तुति

नमस्ते शरण्ये शिवे सानुकम्पे, नमस्ते जगद्व्यापिके विश्वरूपे।
नमस्ते जगद्वन्द्य-पादारविन्दे, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।

नमस्ते जगच्चिन्त्यमानस्वरूपे, नमस्ते महायोगिनि ज्ञानरूपे।
नमस्ते नमस्ते सदानन्दरूपे, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।
अनाथस्य दीनस्य तृष्णातुरस्य, भयार्तस्य भीतस्य बद्धस्य जन्तोः।
त्वमेका गतिर्देवि निस्तारकर्त्री, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।
अरण्ये रणे दारुणे शत्रुमध्ये, ऽनले सागरे प्रान्तरे राजगेहे।
त्वमेका गतिर्देवि निस्तारनौका, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।
अपारे महादुस्तरेऽत्यन्तघोरे, विपत्सागरे मज्जतां देहभाजाम्।
त्वमेका गतिर्देवि निस्तारहेतुः, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।
नमश्चण्डिके चण्डदुर्दण्डलीला, समुत्खण्डिताखण्डिताशेषशत्रो।
त्वमेका गतिर्दव निस्तारबीजं, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।
त्वमेवाघभावाधृतासत्यवादीर्न, जाताजितक्रोधनात् क्रोधनिष्ठा।
इडा पिङ्गला त्वं सुषुम्णा च नाडी, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।
नमो देवि दुर्गे शिवे भीमनादे, सरस्वत्यरुन्धत्यमोघस्वरूपे।
विभूतिः शची कालरात्रिः सतिः त्वं, नमस्ते जगत्तारिणि त्राहि दुर्गे।।

सरस्वती वंदना

श्वेत-पद्मासना देवी श्वेत-पुष्पोप-शोभिता। श्वेताम्बर-धरा नित्या श्वेत-गन्धानु लेपना।।
श्वेताक्षी शुक्ल वस्त्रा च श्वेत-चन्दन-चर्चिता। वरदा सिन्धु-गन्धर्वैः ऋषिभिः स्तूयते सदा।।
स्तोत्रेणाऽनेन तां देवीं जगद्धात्रीं सरस्वतीम्। ये स्तुवन्ति त्रिकालेषु सर्वविद्या लभन्ति ते।।
या देवी स्तूयते नित्यं ब्रह्मेन्द्र-सुर-किन्नरैः। सा ममैवाऽस्तु जिह्वाग्रे पद्महस्ता सरस्वती।।

अपराध क्षमा स्तोत्रम्

न मन्त्रं नो यन्त्रं तदपि च न जाने स्तुतिमहो, न चाह्वानं ध्यानं तदपि च न जाने स्तुतिकथाः।
न जाने मुद्रास्ते तदपि च न जाने विलपनं, परं जाने मातस्त्वत्नुसरणं क्लेशहरणम्।।1।।
विधेर्-अज्ञानेन द्रविणे विरहेणा लसतया, विधेयाशक्यत्वात्-त चरणयो र्या च्युतिरभूत्।
तदेतत् क्षन्तव्यं जननि सकलोद्धारिणि शिवे कुपुत्रो जायेत क्वचिदपि कुमाता न भवति।।2।।
पृथिव्यां पुत्रास्ते जननि बहवः सन्ति सरलाः परं तेषां मध्ये विरलतरलोऽहं तव सुतः।
मदीयोऽयं त्यागः समुचितमिदं नो तव शिवे कुपुत्रो जायेत क्वचिदपि कुमाता न भवति।।3।।

जगन्मातर्मातस्तव चरणसेवा न रचिता न वा दत्तं देवि द्रविणमपि भूयस्तव मया।
तथापि त्वं स्नेहं मयि निरुपमं यत्प्रकुरुषे कुपुत्रो जायेत क्वचिदपि कुमाता न भवति।।4।।
परित्यक्ता देवा विविधविधसेवाकुलतया, मया पञ्चाशीतेर् धिकमपनीते तु वयसि।
इदानीं चेन्मातस्तव यदि कृपा नापि भविता, निरालम्बो लम्बोदरजननि कं यामि शरणम्।।5।।
श्वपाको जल्पाको भवति मधुपाकोपमगिरा, निरातङ्को रङ्को विहरति चिरं कोटिकनकैः।
तवापर्णे कर्णे विशति मनुवर्णे फलमिदं, जनः को जानीते जननि जपनीयं जपविधौ।।6।।
चिताभस्मालेपो गरलमशनं दिक्पटधरो, जटाधारी कण्ठे भुजगपतिहारी पशुपतिः।
कपाली भूतेशो भजति जगदीशैकपदवीं, भवानि त्वत्पाणि ग्रहण परिपाटी फलमिदम्।।7।।
न मोक्षस्याकाङ्क्षा भवविभव वाञ्छापि च न मे, न विज्ञानापेक्षा शशिमुखि सुखेच्छापि न पुनः।
अतस्त्वां संयाचे जननि जननं यातु मम वै, मृडानी रुद्राणी शिव शिव भवानीति जपतः।।8।।
नाराधितासि विधिना विविधोपचारैः, किं रुक्षचिन्तनपरैर्न कृतं वचोभिः।
श्यामे त्वमेव यदि किञ्चन मय्यनाथे, धत्से कृपाम् उचितम् अम्ब परं तवैव।।9।।
आपत्सु मग्नः स्मरणं त्वदीयं, करोमि दुर्गे करुणार्णवेशि।
नैतच्छठत्वं मम भावयेथाः, क्षुधातृषार्ता जननीं स्मरन्ति।।10।।

जगदम्ब विचित्रमत्र किं, परिपूर्णा करुणास्ति चेन्मयि। अपराध परं परा व्रतं न हि माता समुपेक्षते सुतम्।।11।।
मत्समः पातकी नास्ति पापघ्नी त्वत्समा न हि। एवं ज्ञात्वा महादेवि यथायोग्यं तथा कुरु।।12।।

आरती लक्ष्मी जी

ओ3म् जय लक्ष्मी माता, मैया जय लक्ष्मी माता।
तुमको निशदिन सेवत, हर विष्णु दाता, ओ3म् जय लक्ष्मी माता।।
उमा, रमा, ब्रह्माणी, तु ही जग माता, मैया तु ही जग माता।
सूर्य-चन्द्रमा ध्यावत, नारद ऋषि गाता, ओ3म् जय लक्ष्मी माता।।
दुर्गा रूप निरंजनि, सुख-सम्पति दाता। मैया तु ही सुख-सम्पति दाता।
जो कोई तुमको ध्यावत, ऋद्धि-सिद्धि धन पाता, ओ3म् जय लक्ष्मी माता।।
तुम पाताल-निवासिनि, तुम ही शुभदाता, मैया तु ही शुभदाता।
कर्म-प्रभाव-प्रकाशिनि, भवनिधि की त्राता, ओ3म् जय लक्ष्मी माता।।
जिस घर में तुम रहती, सब सद्गुण आता, मैया सब सद्गुण आता।
सब सम्भव हो जाता, मन नहीं घबराता, ओ3म् जय लक्ष्मी माता।।

तुम बिन यज्ञ न होते, वस्त्र न हो पाता, मैया वस्त्र न हो पाता।
खान-पान का वैभव, सब तुमसे आता, ओ3म् जय लक्ष्मी माता।।
शुभ-गुण मंदिर सुन्दर, क्षीरोदधि-जाता, मैया क्षीरोदधि-जाता।
रत्न चतुर्दश तुम बिन, कोई नहीं पाता, ओ3म् जय लक्ष्मी माता।।
महालक्ष्मी जी की आरती, जो कोई जन गाता, मैया जो कोई जन गाता।
उर आनन्द समाता, पाप उतर जाता, ओ3म् जय लक्ष्मी माता।।

गंगा माँ

ओ3म् जय गंगे माता, मैया जय गंगे माता।
जो नर तुमको ध्याता, मनवांछित फल पाता, ओ3म् जय गंगे माता।
चन्द्र सी ज्योति तुम्हारी, जल निर्मल आता, मैया जल निर्मल आता।
शरण पड़े जो तेरी, सो नर तर जाता, ओ3म् जय गंगे माता।
पुत्र सागर के तारे, सब जग को ज्ञाता, मैया सब जग को ज्ञाता।
कृपा दृष्टि हो तुम्हारी, त्रिभुवन सुख दाता, ओ3म् जय गंगे माता।

एक बार जो प्राणी, शरण तेरी आता, मैया शरण जो तेरी आता।
यम की त्रास मिटाकर, परमगति पाता, ओ3म् जय गंगे माता।
आरती मातु तुम्हारी, जो नर नित गाता, मैया जो नर नित गाता।
सेवक वही सहज में, मुक्ति को पाता, ओ3म् जय गंगे माता।

आरती

दुर्गति-नाशिनि दुर्गा जय-जय, काल-विनाशिनि काली जय-जय।
उमा-रमा-ब्रह्माणी जय-जय, राधा-सीता-रुक्मिणि जय-जय।।
साम्ब सदाशिव, साम्ब सदाशिव, साम्ब सदाशिव जय शंकर।
हर-हर शंकर दुःखहर सुख कर, अघ-तम-हर हर हर शंकर।।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण-कृष्ण हरे हरे।।
जय-जय दुर्गा, जय मा तारा, जय गणेश जय शुभ-आगारा।
जयति शिवाशिव जानकि राम, गौरी शंकर सीताराम।।
जय रघुनन्दन जय सियाराम, व्रज-गोपी-प्रिय राधे श्याम।
रघुपति राघव राजा राम, पतितपावन सीताराम।।

आरती

ओम् जय जयेष्ठा माता, जय जय ज्येष्ठा माता।
तू ही कष्ट निवारे, हे माँ सुख दाता।। ओम् जय ज्येष्ठा
श्रद्धा भक्ति बढ़ाकर, तुम दारिद्र हरो।
सकल काम प्रदायिनी, दुःख माँ दूर करो।। ओम् जय ज्येष्ठा
महा दैत्य संहारी, तू माँ दुर्गति हारी।
महामोह हटा दो, ज्येष्ठेश्वर प्यारी।। ओम् जय ज्येष्ठा
माता खप्पर धारी, मेरी विपदा सारी।
दूर करो हे माता, प्रिय भक्तन प्यारी।। ओम् जय ज्येष्ठा
अमृत कुंड विराजे, कमल हाथ में साजे।
करे हित सभी का, निर्धन या राजे।। ओम् जय ज्येष्ठा
झूठी माया सारी, हम को लगती प्यारी।
अविद्या दूर करो, हे पीताम्बर धारी।। ओम् जय ज्येष्ठा
भक्ति बढ़ाने वाली, कोई युक्ति करो।
भयहारिणी माता तुम, भव भय सदा हरो।। ओम् जय ज्येष्ठा
हम अति दीन दुःखी माँ, तेरी आस खड़े।
जाने न विद्या कोई, तेरी शरण पड़े।। ओम् जय ज्येष्ठा
ओम् जय ज्येष्ठा माता, जय जय ज्येष्ठा माता।
तू ही कष्ट निवारे, हे माँ सुख दाता।। ओम् जय ज्येष्ठा

नवग्रहपीडाहर स्तोत्रम्

सूर्य	ग्रहाणाम्-आदिर्-आदित्यो-लोकरक्षण-कारकः, विषमस्थान-सम्भूतां-पीडा-हरतु-मे रविः।
चन्द्र	रोहिणीशः सुधामूर्तिः सुधागात्रः सुधाशनः, विषम-स्थान सम्भूतां पीडां हरतु मे विधुः।
भौम	भूमिपुत्रो महातेजो जगतां भयकृत् सदा, वृष्टिकृद्-वृष्टि-हर्ता च पीडां हरतु मे कुजः।
बुधा	उत्पातरूपो जगतां चन्द्र पुत्रो महाद्युतिः, सूर्यप्रिय करो विद्वान, पीडां हरतु मे बुधः।
बृहस्पति	देवमन्त्री विशालाक्षः सदा लोकहिते रतः, अनेक शिष्यसम्पूर्णः पीडां हरतु मे गुरुः।
शुक्र	दैत्यमन्त्री गुरुस्तेषां प्राणदश्च महामतिः, प्रभुस्तारा ग्रहाणां च पीडां हरतु मे भृगुः।
शनि	सूर्यपुत्रो दीर्घदेहो विशालाक्षः शिवप्रियः, मन्दाचारः प्रसन्नात्मा पीडां हरतु मे शनिः।
राहु	महाशिरो महावक्त्रो दीर्घदंष्ट्रो महाबलः, अतनुश्चोर्ध्वकेशश्च पीडां हरतु मे शिखी।
केतु	अनेक-रूप-वर्णश्च शतशोथ सहस्रशः, उत्पादरूपो जगतां पीडां हरतु मे तमः।

नोटः- आप नवग्रहों का पुष्पार्चन या नवग्रह पूजा करना चाहते हैं तो 'विजश्येवर पंचांग कार्यालय' से नवग्रह पूजा पुस्तक तथा कैसट आपको मिल सकता हैं।

इन्द्राक्षी

अस्य श्री इंद्राक्षी स्तोत्रमन्त्रस्य, पुरंदर-ऋषिः, अनुष्टप्-छन्दः, इन्द्राक्षी देवता, ह्रीं बीजम्, श्रीं शक्तिः, क्लीं कीलकम्। सकलकामना-सिद्ध्यर्थे पाठे विनियोगः।

अथ-ध्यानम्

इन्द्राक्षीं द्विभुजां देवीं पीत-वस्त्राधरां शुभाम् वामे हस्ते वज्रधरां दक्षिणे चाभय-प्रदाम्।
सहस्त्र नेत्रां सूर्याभां नानालंकार-भूषिताम्, प्रसन्न वदनां नित्यम्-अप्सरो-गणसेविताम्।
श्री-दुर्गां सौम्य-वदनां पाशांकुशधरां परां, त्रौलोक्य-मोहिनीं देवीं भवानीं प्रणमाम्यहम।
ॐ ह्रीं श्रीं इन्द्राक्षीं श्रीं प्रीं स्वाहा।

इन्द्र-उवाच

इन्द्राक्षी नाम सा देवी देवतैः समुदाहृता, गौरी शाकंभरी देवी दुर्गा-नाम्नीति-विश्रुता।
कात्यायनी महादेवी चन्द्र-घण्टा-महातपः, गायत्री सा च सावित्री ब्रह्माणी ब्रह्मवादिनी।
नारायणी भद्रकाली रुद्राणी कृष्णपिंगला, अग्निज्वाला रौद्रमुखी कालरात्री-स्तपस्विनी।

मेघ-श्यामा सहस्त्राक्षी, विष्णुमाया जलोदरी, महोदरी मुक्त-केशी घोररूपा महाबला।
आनन्दा-भद्रजा नंदा रोगहंत्री शिवप्रिया, शिवदूती कराली च प्रत्यक्षा परमेश्वरी।
इन्द्राणी चन्द्ररूपा च इन्द्र-शक्ति-परायणा, महिषा-सुर-संहर्त्री चामुण्डा गर्भदवेता।
वाराही नारसिंही च भीमा भैरव नादिनी, श्रुतिः स्मृति-धृति-मेधा विद्या लक्ष्मीः सरस्वती।
आनंदा विजया पूर्णा मानस्तोकाऽ पराजिता, भवानी पार्वती दुर्गा हैमवत्यंबिका शिवा।
शिवा भवानी रुद्राणी शंकरार्ध-शरीरिणी, एतै-नीम-पदै-र्दिव्यैः स्तुता शक्रेण धीमता।
आयुर्-आरोग्यम्-ऐश्वर्यं सुख-संपत्तिकारकम्, क्षय-पस्मार कुष्ठादि-ताप - ज्वर - निवारणम्।

आरती

ॐ जय जगदीश हरे, स्वामी जय जगदीश हरे।
भक्तजनों के संकट क्षण में दूर करे, ओ३म् जय जगदीश हरे।।
जो ध्यावे फल पावे दुःखविनशे मन का, स्वामी दुःखविनशे मन का।
सुख सम्पत्ति घर आवे कष्ट मिटे तन का, ओ३म् जय जगदीश हरे।।

मात-पिता तुम मेरे शरण पड़ूँ में किसकी, स्वामी शरण पड़ूँ में किसकी।
तुम बिन और ना दूजा आस करूँ में जिसकी, ओ३म् जय जगदीश हरे।।

तुम-पूरण-परमात्म तुम अन्तर्यामी, स्वामी तुम अन्तर्यामी।
पारब्रह्म परमेश्वर तुम सबके स्वामी, ओ३म् जय जगदीश हरे।।

तुम-करुणा के सागर तुम पालन कर्त्ता, स्वामी तुम पालन कर्त्ता।
मैं सेवक तुम स्वामी कृपा करो भर्त्ता, ओ३म् जय जगदीश हरे।।

तुम हो एक अगोचर सबके प्राणपति, स्वामी तुम सबके प्राणपति।
किस विधि मिलों दयामय तुमको मैं कुमति, ओ३म् जय जगदीश हरे।।

दीन बन्धु दुःख हर्ता रक्षक तुम मेरे, स्वामी रक्षक तुम मेरे।
अपने चरण लगावो द्वार पड़ा में तेरे, ओ३म् जय जगदीश हरे।।

विषय विकार मिटाओ पाप हरो देवा, स्वामी पाप हरो देवा।
श्रद्धा भक्ति बढ़ाओ सन्तन की सेवा, ओ३म् जय जगदीश हरे।।

प्रातः स्मरणीय स्तोत्र

एक-श्लोकी-नवग्रहस्तोत्रम्

ब्रह्मा-मुरारिः-त्रिपुरान्त-कारी,
भानुः शशी भूमिसुतो बुधश्च,
गुरुश्च शुक्रः शनि-राहु केतवः
कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।

एक श्लोकी रामायण

आदौ राम-तपोवनादि-गमनं, हत्वा मृगं कांचनं
वैदेही-हरणं जटायु-मरणं सुग्रीव सम्भाषणम्।
बाली निर्दलनं समुद्र तरणं लंकापुरी-दाहनं
पश्चात् रावण कुम्भकर्ण-हननं चैतत्-हि-रामायणम्।

अर्थः पहले राम का वनवास, सुवर्णमृग का मारना, रावण द्वारा सीता का हरण, जटायु का मरण, सुग्रीव के साथ प्रेम का वार्तालाप, बाली का मारना, समुद्र का लंघन, लंकापुरी का जलाना, अन्त में रावण कुम्भकर्ण का हनन।

एकश्लोकी भागवत्

आदौ देवकि-देवगर्भ जननं गोपीगृहे-वर्धनम्
माया-पूतनि-जीविताप-हरणं गोवर्द्धनो-द्धारणम्
कंस-च्छेदन कौरवादि-हननं कुन्ती सुता-पालनम्।
एतत्-भागवतं पुराण कथितं श्रीकृष्ण-लीलामृतम्।

अर्थः- पहले देवकी के गर्भ से भगवान् का जन्म, गोकुल में बाल कृष्ण का पालन पोषण, पूतना का मारना, गोवर्द्धन का उद्धार, कंस का मारना, कौरवों की विजय - यही है संक्षिप्त में भागवत् की कथा।

सप्तर्षि - स्मरणम्

कश्यपो-अत्रिः-भरद्वाजः, विश्वामित्रोऽथ गौतमः
जमदग्नि-र्वसिष्ठश्च सप्त-ते ऋषयः स्मृताः।

सप्तचिर-जीवि स्तुतिः

अश्वत्थामा बलि व्यासः, हनुमान् च विभीषणः
कृपः परशुरामश्च, सप्त-ते चिरजीविनः

पंचदेवी स्तुतिः

उमा उषा च वैदेही, रमा गंगेति पंचकम्
प्रातर्-एव स्मरेत्-नित्यं घोर-संकट-नाशनम्।।

पंचकन्या स्तुतिः

अहल्या द्रौपदी तारा, कुन्ती मन्दोदरी तथा
पंचकन्या स्मरेत्-नित्यं महापातक-नाशनम्।

सप्तपुरी स्तुतिः

अयोध्या मथुरा माया काशी कांची ह्यवन्तिकाः।
पुरी द्वारवती चैव सप्तता मोक्षदायिकाः।।

हकारादि-पञ्चदेव स्तुतिः

हरं हरिं हरिश्चन्द्रं हनुमन्तं हलायुध्म
पंचकं हं स्मरेत्-नित्यं घोर-संकटनाशनम्

प्रातर्वन्दनीय स्तुतिः

प्रातः काले पिता-माता, ज्येष्ठा-भ्राता तथैवच
आचार्याः स्थाविराः चैव, वन्दनीया दिने दिने।

अर्थः- पिता, माता, ज्येष्ठ भाई, आचार्य तथा सभी वृद्ध। इन को प्रातःकाल प्रणाम करना चाहिए।

मातृतीर्थम्

नास्ति मातृसमं तीर्थं पुत्राणां तारणाय च
हितायात्र परत्रार्थं यैस्तु माता प्रपूजिता।

अर्थः- माता के समान कोई तीर्थ नहीं है-जो पुत्र माता का आदर करता है उस के इहलोक तथा परलोक का सुधार होता है।

पितृ तीर्थम्

वेदैर्-अपि च किं पुत्र ! पिता येन प्रपूजितः
एष पुत्रस्य वै धर्म-स्तथा तीर्थं नरेष्विह।।

अर्थः- हे पुत्र जो पिता का आदर करता है, उस को वेद पढ़ने की आवश्यकता नहीं, पिता ही पुत्र का धर्म है, पिता ही पुत्र का तीर्थ हैं।

मृतसंजीवनी मंत्र

इस मन्त्र से शिलिंग पर दूध सहित जल चढ़ाने से रोगी को शीघ्र आराम मिलता है।

ॐ हौं जूं सः, ॐ भूभुर्वः स्वः, ॐ त्र्यम्बकं यजामहे, ॐ तत्सवितुर्वरेण्यं, ॐसुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्, ॐ भर्गो देवस्य धीमहि, ॐ उर्वारुकमिव बन्धनाद्, ॐ धियो यो नः प्रचोदयात्, ॐ मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्, ॐ स्वः भुवः भूः ॐ सः जूं हौ ॐ।

सूर्य उपासना

शास्त्रों में दर्ज है सूर्य की उपासना से आरोग्य की प्राप्ति होती है। अतः नहाने तथा मुख प्रक्षालन के पश्चात् सूर्य की ओर मुख करके प्रणाम करते हुये पढ़ें:-

ॐ मित्राय नमः। ॐ रवये नमः। ॐ सूर्याय नमः। ॐ भानवे नमः। ॐ खगाय नमः। ॐ पूष्णे नमः। ॐ हिरण्यगर्भाय नमः। ॐ मरीचये-नमः। ॐ आदित्याय नमः। ॐ सवित्रे नमः। ॐ अर्काय नमः। ॐ भास्कराय नमः। ॐ मित्र-रवि-सूर्य-भानु-खग-पुष्प-हिरण्यगर्भ-मरीच्यादित्य सवित्रार्क-भास्करेभ्यो नमः।

असाध्य रोग निवृत्ति मंत्र

रोगान्-अशेषान्-अपहंसि-तृष्टा
रुष्टा तु कामन्-सकलान्-अभीष्टान्।
त्वाम्-आश्रितानां न विपत्-नराणाम्
त्वाम्-आश्रिता ह्यश्रियतां प्रयान्ति।।

दुर्गा सप्तशती का सारभूत मंत्र

जिस घर में इस मंत्र की गूंज होगी उस घर में लक्ष्मी, सतबुद्धि श्रद्धा, लज्जा, हर समय विद्यमान रहती है।

या श्रीः स्वयं सुकृतिनां भवनेष्वलक्ष्मीः
पापात्मनां कृतधियां हृदयेषु बुद्धिः,
श्रद्धा सतां कुलजन-प्रभवस्य लज्जा,
तां त्वां नताःस्म परिपालय देवि! विश्वम्।

नवग्रहों के छोटे तथा आसान मन्त्र

"सूर्य" ओ३म् रं रवये नमः।
"चन्द्र" ओ३म् सौं सोमाय नमः।

"भौम" ओ३म् भौं भौमाय नमः।
"बुध" ओ३म् बं बुधाय नमः।
"गुरु" ओ३म् गुं गुरवे नमः।
"शुक्र" ओ३म् शुं शुक्राय नमः।
"शनि" ओ३म् शं शनैश्चराय नमः।
"राहु" ओ३म् राम् राहवे नमः।
"केतु" ओ३म् कैं केतवे नमः।

बारह राशियों के मन्त्र

मेषः- ओ३म् ह्रीं श्रीं श्रीलक्ष्मीनारायाणाय नमः।
वृषः- ओ३म् गोपालाय उत्तरध्वजाय नमः।
मिथुनः- ओ३म् क्लीं कृष्णाय नमः।
कर्कः- ओ३म् ह्रीं हिरण्यगर्भाय अव्यक्तरूपिणे नमः।
सिंहः- ओ३म क्लीं ब्रह्मणे जगदाधाराय नमः।
कन्याः- ओ३म् पीं पीताम्बराय नमः।
तुलाः- ओ३म् तत्त्वनिरंजनाय तारक रामाय नमः।
वृश्चिकः- ओ३म नारायणाय सूरसिंहाय नमः।
धनुः- ओ३म् श्रीं देवकृष्णाय ऊर्ध्वजाय नमः।
मकरः- ओ३म् श्रीं-वत्सलाय नमः।
कुम्भः- ओ३म् श्रीं उपेन्द्राय अच्युताय नमः।
मीनः- ओ३म् क्लीं उद्धृताय उद्धारिणे नमः।

हर प्रकार के मंगल प्राप्ति का मन्त्र

सर्व मंगल मंगल्ये, शिवे सर्वार्थ साधिके,
शरण्ये त्रयम्बके, गौरि नारायणि नमोस्तुते।

विपित्ति नाश का मंत्र

शरणागत दीनार्त-परित्राण परायणे,
सर्वस्यार्ति हरे देवि नारायणि नमोस्तुते।

सभी उलझनों से छुटकारा पाने का मंत्र

सर्वाबाधा-विर्निमुक्तो-धन धान्य-समन्विताः
मनुष्यो मत्प्रसादेन, भविष्यति-न संशयः।

भय नाश का मन्त्र

सर्वस्वरुपे-सर्वेशे सर्वशक्ति-समन्विते
भयेभ्यः त्राहि नो देवि ! दुर्गे देवि नमोस्तुते।

आरोग्य तथा सौभाग्य मंत्र

देहि सौभाग्यम आरोग्यं देहि मे परमं सुखम्,
रूपं देहि जयं-देहि यशो देहि द्विषो जहि।

विद्या प्राप्ति का मन्त्र

कृष्ण कृष्ण महाकृष्ण सर्वज्ञ त्वं प्रसीद मे,
रमा-रमण विश्वेश, विद्याम्-आशु प्रयच्छ मे।।

हर प्रकार के उलझनों से मुक्त होने के लिए शीघ्र सिद्धि देने वाला शिव मंत्रः-

भगवान् शंकर के डमरु से प्राप्त 14 सूत्रों का एक ही श्वास में बोलने का अभ्यास करें-शरीर को स्वस्थ रखने के लिए इस मन्त्र का उच्चारण किया जाता है, बुखार मृगी आदि बेहोशी के रोग के समय इस मन्त्र का उच्चारण करते हुये छींटे दिये जाने से रोग की निवृति होती हैः-

मन्त्रः- अ इ उण्। ऋ लृक्। ए ओङ। ऐ औच्। ह य व र ट्। लण्। ञ, म, ङ ण नम्। झ भ ङ् घ ड ध श। ज ब ग ड् - द श। ख फ छठ थ - च ट, तव्। क, प, य्। शष सर्। हल्।

संतान प्राप्ति का मंत्र

देवकी सुत गोविन्द ! वासुदेव जगत्पते
देहि से तनयं कृष्ण। त्वाम् - अहं शरणं गतः।

सामूहिक कल्याण मंत्र

देव्या यया ततमिदं जगदात्म शक्त्या,
निश्शेष देव गण शक्तिसमूह मूर्त्या।
तामम्बिकाम खिलदेव महर्षि पूज्यां,
भक्त्या नताः स्म विदधातु शुभानि सा नः।।

शुभ फल की प्राप्ति का मंत्र

करोतु सा नः शुभहेतुरीश्वरी।
शुभानि भद्राण्यभिहन्तु चापदः।।

पाप नाश का मंत्र

हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत्।
सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्योऽनः सुतानिव।।

महामारी नाश का मंत्र

जयन्ती मङ्गला काली भद्रकाली कपालिनी।
दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तु ते।।

दारिद्र्यदुःखादिनाश का मंत्र

दुर्गे स्मृता हरसि भीतिम शेषजन्तोः
स्वस्थैः स्मृता मतिम् अतीव शुभां ददासि।
दारिद्र्यदुःखभयहारिणि का त्वदन्या
सर्वोपकार करणाय सदाऽऽर्द्रचित्ता।।

रक्षा पाने का मंत्र

शूलेन पाहि नो देवि पाहि खड्गेन चाम्बिके।
घण्टास्वनेन नः पाहि चापज्यानिःस्वनेन च।।

प्रसन्नता प्राप्ति का मंत्र

प्रणातानां प्रसीद त्वं देवि विश्वोर्तिहारिणि।
त्रैलोक्य वासिनाम् ईड्ये लोकानां वरदा भव।।

पापनाश तथा भक्ति प्राप्ति का मंत्र

नतेभ्यः सर्वदा भक्त्या चण्डिके दुरितापहे।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि।।

मोक्ष प्राप्ति का मंत्र

त्वं वैष्णवी शक्तिर् अनन्तवीर्या
विश्वस्य बीजं परमासि माया।
सम्मोहित देवि समस्तमेतत्
त्वं वै प्रसन्ना भुवि मुक्तिहेतुः।।

अन्नपूर्णा स्तुतिः

ज्योहि अन्न की थाली आप के सामने आये। तो इस श्लोक का उच्चारण करना चाहिये।

अन्नपूर्णे सदापूर्णे शंकर प्राण वल्लभे।
ज्ञान वैराग्य सिद्ध्यर्थं भिक्षां देहि च पार्वति।।

अर्थः- जो सदा पूर्ण शंकर की प्राण प्रिया पार्वती है वह अन्न पूर्णा है उससे मैं ज्ञान वैरागय और शुभ कामनाओं के सिद्धि के लिये अन्नरूपी भिक्षा मांगता हूँ।

पुरुष-सूक्तम्

पुरुषमेधाः पुरुषस्य नारायणस्यार्षम्।
ॐ सहस्रशीर्षा, पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्।
सभूमिं विश्वतो वृत्वा त्यतिष्ठत् दशाङ्गुलम्।।
पुरुष एवेदं सर्वं यत् भूतं चत् च भव्यम्।
उत्तामृत त्वस्ये शानो, यत् अन्नेनाति रोहति।।
एतावानस्य महिमातो ज्यायान-च, पुरुषः।
पादोस्य, विश्वा भूतानि त्रिपाद् अस्या मृतं दिबि।।
त्रिपात् ऊर्ध्वं उदैत्पुरुषः पादोऽस्येहा भवत् पुनः।
ततो विश्वं व्याक्रामत् साशना नशने अभि।।
तस्मात् विराड् अजायत विराजो अधिपुरुषः।
स जातो अत्यरिच्यत, पश्चात् भूमिम्-अथो पुरः।।
यत् पुरुषेण हविषा देवा यज्ञम्-अतन्वत।
वसन्तो अस्यासीत्-आज्यं ग्रीष्म इध्मः शरत् हविः।।
तं यज्ञं बर्हिषि प्रोक्षन् पुरुषं जातम्-अग्रतः।
तेन देवा अयजन्त साध्या ऋषयश्च ये।।
तस्मात् यज्ञात् सर्वहुतः सम्भृतं पृषत् आज्यम्।
पशून् तान् चक्रे वायव्यान् आरण्यान् ग्राम्यांश्चये।।
तस्मात् यज्ञात् सर्वहुतः ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्मात् यजु तस्मात् अजायत।।
तस्मात्-अश्वा-अजायन्त ये के चोभयादतः।
गावो ह जज्ञिरे तस्मात् तस्मात् जाता अजावयः।।
यत् पुरुषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन्।
मुखं किमस्य कौ बाहू का उरू पादा उच्यते।।
ब्रह्माणोस्य मुखं-आसीत्-बाहू राजन्यः कृतः।

ऊरू तदस्य यत् वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत।।
चन्द्रमः मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत।
मुखात् इन्द्रश्चाग्निश्च प्राणात् वायुः अजायत।।
नाभ्या आसीत् अन्तरिक्षं शीर्ष्णो द्यौः समवर्तत।
पद्भ्यां भूमि दिशः श्रोत्रात् तथा लोकान्-अकल्पयन्।।
सप्तास्या सन् परिधयः त्रिः सप्त समिधः कृताः।
देवा यत् यज्ञं तन्वाना आबध्नन् पुरुषं पशुम्।।
यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमा न्यासन्
ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्या सन्ति देवाः।।

सूर्याष्टकम्

आदिदेव नमस्तुभ्यं प्रसीद मम भास्कर।
दिवाकर नमस्तुभ्यं प्रभाकर नमोऽस्तु ते।।
सप्ताश्वरथमारूढं प्रचण्डं कश्यपात्मजम्।
श्वेतपद्मधरं देवं तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।
लोहितं रथमारूढं सर्वलोकपितामहम्।
महापापहरं देवं तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।
त्रैगुण्यं च महाशूरं ब्रह्मविष्णुमहेश्वरम्।
महापापहरं देवं तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।
बृंहितं तेजःपुञ्जं च वायुमाकाशमेव च।
प्रभुं च सर्वलोकानां तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।
बन्धूकपुष्पसङ्काशं हारकुण्डलभूषितम्।
एकचक्रधरं देवं तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।।
तं सूर्यं जगत्कर्तारं महातेजःप्रदीपनम्।
महापापहरं देवं तं सूर्यं प्रणमाम्यहम्।

शांतिपाठ

भद्रंकर्णेभिः शृणुयाम देवाः, भर्द्रं पंश्येमाक्षिभिर्यजत्राः। स्थिरैरंगैः तष्टुवांसस्तनूभि व्र्यशेम देवहित यदायुः, स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः

स्वस्तिनः ताक्ष्यों अरिष्टनेमीः स्वस्ति नो बृहस्पतिः दधातु।।1।।

स्वस्तिप्रजाभ्यः परिपालयन्तां, न्यायेन मार्गेण महीं महीपाः।

गोब्राह्मणेभ्यः शुभमस्तु नित्यं, लोकाः समस्तः सुखिनो भवन्तु।।2।।

काले वर्षतु पर्जन्यः पृथिवी सस्यशालिनी। देशोयं क्षोभरहितो ब्राह्मणाः सन्तु निर्भयाः ।।3।।

दुर्जनः सज्जनो भूयात् सज्जनः शान्तिम् आप्नुयात्। शान्तिम् उच्येत बन्धेभ्यो मुक्तश्चान्यान् विमोचयेत्।।4।।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्।।5।।

राजस्वस्ति प्रजास्वस्ति देशस्वस्ति तथैव च। यजमान गृहे स्वस्ति, स्वस्ति गोब्राह्मणेषु च ।।6।।

विधेहि देवि कल्याणं विधेहि परमां श्रियं रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि।।7।।

शन्नो मित्रः, शं वरुणः, शन्नो भवत्वर्यमा, शन्नो इन्द्रो बृहस्पतिः, शन्नो विष्णुरुरुक्रमः, नमो ब्रह्मणे, नमो व्रायवे, नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि, त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि, ऋतं वदिष्यामि, सत्यं वदिष्यामि, तन्मामवतु, तद्वक्तारमवतु, अवतु मामवतु वक्तारं, शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।8।।

सह नौ अवतु, सह नौ भुनक्तु, सहवीर्य करवावहै,

तेजस्विनाम् अधीतमस्तु माद्विषावहै शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।9।।

गायत्री मन्त्र का महत्व

गायत्री की महिमा सभी वेदों तथा पुराणशास्त्रों में सविस्तार दर्ज है—अथर्व-वेद में स्वयं वेद्भगवान का कहना है-

"स्तुता मया वरदा वेदमाता प्रचोदयन्तां पावमानी द्विजानाम्, आयुः प्राणं प्रजां पशुं कीर्तिं द्रविणं ब्रह्मवर्चसम्"।

अर्थः— मेरे द्वारा स्तुति की गई द्विजों को पवित्र करने वाली वेदमाता गायत्री आयु प्राण सन्तति पशु कीर्ति धन ब्रह्मतेज देने वाली है।

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्-सवितुर् वरेण्यं, भर्गो-देवस्य धीमहि, धियो यो-नः प्रचोदयात्।

*अर्थः— मैं उस शक्ति का चिन्तन करता हूँ जो शक्ति ॐ ब्रह्मरूप हैं, **भूर्भुवः स्वः** जो शक्ति तीनों लोकों में व्याप्त है, **तत्**-जिस को वेदों ने तत् नाम से पुकारा है **सविता**-जो शक्ति इस सृष्टि को बनाती है, पालन करती है, नाश करती है, "**वरेण्यम्**" जो वरण करने के योग्य है, **भर्गः**- जो तेजो रूप है, **देवः** जो द्योतनशील है, अथवा ऐश्वर्य वाली है, ऐसी उस महान् शक्ति का **धीमहि**-चिन्तन करता हूँ, वह शक्ति '**धियः**' मेरी बुद्धि को, **प्रचोदयात्**- सत् कर्मों में प्रेरित करे।*

गायत्री मन्त्र का महत्व क्यों? *शब्द नित्य है (शब्द ब्रह्म) वर्तमान विज्ञान भी यही मानता है, आज जो **बातें** हम करते हैं, अथवा हमारे मन की लहरें आकाश में अथवा सृष्टि के अन्तराल में किसी न किसी रूप में **विद्यमान** रहती है, सृष्टि के आरम्भ से ही ऋषि मुनि साधक गायत्री मन्त्र के अनुष्ठान करते आये हैं, उन ऋषियों मुनियों साधकों की साधनायें भावनायें तपश्चर्यायें इस छोटे से गायत्री मन्त्र के पीछे तेजोपुंज के रूप में एकत्रित है, जो व्यक्ति इस गायत्री मन्त्र का उच्चारण अथवा जप करता है उस साधक की सफलता में वह तेजोपुंज*

अवश्य सहायक बनता है, साधक ज्यों ही इस मन्त्रराज का जप अथवा उच्चारण करने लगता है तो उसी क्षण मंत्र के प्रभाव का अनुभव करने लगता है, यही है इस गायत्री मन्त्र के महत्त्व का रहस्य।

गायत्री जप विधिः

शुद्ध आसन पर पद्मासन में पूर्व की ओर मुख कर के पानी का एक लौटा और एक थाली तर्पण के लिये रख कर नमस्कार करते हुए पढ़े (यदि नदी के तट पर करना हो तो थाली की आवश्यकता नहीं):-

प्रणवस्य ऋषि र्ब्रह्मा गायत्रं छन्द एवच, देवोग्नि-र्व्याहृतिषु च विनियोगः प्रकीर्तितः, प्रजापते-र्व्याहृतयः पूर्वस्य परमेष्ठिनः। व्यस्ताश्चैव समस्ताश्च ब्राह्मम्-अक्षरम्- ओम्-इति। व्याहृतीनां समस्ताना दैवतं तु प्रजापतिः, व्यस्तानाम्-अयम्-अग्निश्च वायुः सूर्यश्च-देवताः। छन्दश्च व्यहृतीनाम्-एकाक्षराणाम्-उक्ताख्यम्-द्वयक्षराणाम्- अत्युक्-ताख्यम् विश्वामित्रा-ऋषि-श्छन्दो, गायत्रं सविता तथा, देवतो-पनये जप्ये गायत्र्यै योग उच्यते आवाहयामि गायत्रीं, सर्व-पाप-प्रणाशि-नीम्। न गायत्र्याः परं जप्यं, नव्याहृति-समं हुतम्, आगच्छ वरदे देवि, जप्ये मे सन्निधौ भव। गायन्तं त्रायसे यस्मात्-गायत्री त्वं ततःस्मृता, अग्नि- र्वायुश्च सूर्यश्च बृहस्पत्याप-एव-च, इन्द्रश्च-विश्वे-देवाश्च देवताः सम्-उदाहृताः। एवम्-आर्ष-छन्दो दैवतं विनियोगं चानुस्मृत्य। गायत्र्या शिखाम्-अवद्ध्य गायत्र्यैव समन्ततः, आत्मन-श्चापः वरिक्षिप्य, प्राणायामं कुर्यात्, ओजोसीति गायत्रीम्-आवह्य देवानाम्-आर्षम् (अपने आप को पानी छिड़कें अंजलि धारण करते हुये पढ़ेः- ओजोसी सहोसि बलम्-असि भ्राजोसि देवानां धाम

नामासि, विश्वम्-असि-विश्वायुः सर्वम्-असि-सर्वायुः, अभि-भूः-अंगन्यास-कीजिये दोनों हाथों की ऊँगलियों से स्पर्श करते हुये पढ़ें: "अ" नाभौ (नाभिको) "उ" हृदि (हृदय को) "म" शिरसि (सिरको)।। ॐ "भू"-अंगुष्ठाभ्यां नमः (दोनों अंगूठों को) भुवः तर्जनीभ्यां नमः (अंगूठे के साथ वाली ऊँगलियों को), "स्वः" मध्यमाभ्यां नमः (बीच वाली ऊँगलियों को) "महः" अनामिकाभ्यां नमः, (सब से छोटी की साथ वाली ऊँगलियों को "जनः" कनिष्ठकाभ्यां नमः (छोटी ऊँगलियों को "तपः सत्य" करतल पृष्ठाभ्यां नमः (दोनों हाथ के तलवों को आपस में स्पर्श करें। "भू" पादयोः (पावों को) "भुवः" जान्वोः (गुठनों को) "स्वः" गुह्ये (गुह्यस्थान को) "महः नाभौ" (नाभि को) "जनः" हृदि (हृदय को) "तपः" कण्ठे (गले को) "सत्यं" शिरसि (सिर को), ॐ "भूः" हृदयाय नमः "भुवः" शिरसि स्वाहा, "स्वः" शिखायै वौषट् (चोटी को) महः कवचाय हूँ, (वस्त्रों को) जनः नेत्राभ्यां वौषट् (नेत्रों को) "तपः" सत्यम्-अस्त्राय "फट्" चुटकी मारे।। "तत्-सवितुर्" अंगुष्ठाभ्यां नमः, "वरेण्यं" तर्जनीभ्यां नमः, "भर्गो-देवस्य मध्यमाभ्यां नमः", "धीमहि" अनामिकाभ्यां नमः, "धियो योनः" कनिष्ठकाभ्यां नमः, "प्रचोदयात्" करतल करपृष्ठाभ्यां नमः तत् "पादयोः सवितुर्" जान्वोः (गुठनों को) "वरेण्यं" कट्या कमर को, भर्गो नाभौ "देवस्य" हृदये "धीमहि" कण्ठे "धियोः" नासिकायां "यो" चक्षुषोः (नेत्रों को) "नः ललाटे" (माथे को) "प्रचोदयात्" शिरसि,। "तत् सवितुर्" हृदयाय नमः, "वरेण्यं" शिर-से स्वाहा, "भर्गो देवः" शिखायै वौषट् 'धीमहि' कवचाय हूँ (वस्त्रों को "धियो योनः "नेत्राभ्यां वौषट् "प्रचोदयात् अस्त्राय फट्" (चुटकी मारिये) "आपः" स्तनयोः (स्तनों को) "ज्योतिः" नेत्रयोः,

"रसो" मुखे "अमृतं" ललाटे "ब्रह्म-भूभूर्वः स्वरों (शिसि) प्राणायाम करके तर्पण कीजियेः-
"ॐ अस्य गायत्री शापविमोचन-मन्त्रस्य ब्रह्मा ऋषि गायत्री छन्दः वरुणो देवता ब्रह्मशाप-विमोचने विनियोगः।

शाप विमोचन

ओ३म्-यत्-ब्रह्मेति ब्रह्मविदो विदुः-त्वां पश्यन्ति धीराः।
सुमनसो-वा गायत्री त्वं ब्रह्मशापात्-विमुक्ता भव ।।1।।
ओ३म्-अर्क-ज्योतिर् अहं ब्रह्मा ब्रह्म ज्योतिर्-अहं शिवः।
शिव-ज्योतिर्ःअहं विष्णुः शिव-ज्योतिः शिवः परम् ।।2।।
गायत्री त्वं वशिष्ठ शापात्-विमुक्ता भव।
ॐ अहो देवि महादेवि दिव्ये सन्ध्ये सरस्वति।
अजरे अमरे चैव ब्रह्मयोनि नमोस्तुते।
गायत्री त्वं विश्वामित्रा-शपात्-विमुक्ता भव ।।3।।

गायत्री का ध्यान करते हुये पढ़ेः-

मुक्ता-विद्रुम-हेम-नील-धवल, छायै-र्मूखैः-त्रीक्षणैः

युक्ताम्-इन्दु-निबद्ध-रत्न-मुकटां, तत्त्वात्म-वर्णात्मिकाम्
गायत्रीं वरदा-भया-ङ्कुश-करां शूलं कपालं गुणं
शंखं चक्रम्-अथार-बिन्दु-युगलं हस्तै-र्वहन्तीं भजे ।।1।।
आगच्छ वरदे देवि त्र्यक्षरे ब्रह्मवादिनि।
गायत्री छन्दसां-मात-र्ब्रह्म-योने नमोस्तुते ।।2।।

यह मन्त्र तीन बार पढ़ कर गायत्री मन्त्र का जप करें।

"ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्-वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् ॐ

यदि माला से जप करना है तो जप समाप्त करके माला सिर पर रख कर प्राणायाम करके तर्पण करते हुये पढ़ेः-

देवा-गातु-श्रोत्रियाः देवा गातुविदो, गातुं वित्वा-गातु-मित मनसस्-पत-इमं देवयज्ञं स्वाहा, वाचे स्वाहा वातेघाः नमोः धर्मनिधनाय नमः सुकृत-साक्षिणे। नमः प्रत्यक्षदेवाय भास्कराय नमो नमः।

जप करने का स्थानः घर के उस कमरे में जप करें जहां आप की एकाग्रता में किसी प्रकार का विध्न न पड़े, नदी के तट करना अधिक लाभदायक रहता है।

क्या महिलाओं को गायत्री साधना जप अनुष्ठान आदि करने का अधिकार हैं?

वेदों शास्त्रों पुराणों के स्वाध्याय से यह स्पष्ट होता है कि पुरुष हो या स्त्री उपासना के अधिकारी हैं, प्राचीनकाल में गार्गी, मैत्रेयी देवयानी, लोपामुद्रा आदि महिलाओं ने गायत्री शक्ति की उपासना से ही आत्मा को समुन्नत बनाया था सावित्री ने एक वर्ष तक गायत्री मंत्रा की साधना की थी जिस साधना से ही वह अपने पति को

यमराज से लौटा सकी। स्त्री और पुरुष दोनों ही गायत्री माता की सन्तान है, स्त्री सधवा हो या विधवा अपने जीवन को सफल बनाने के लिये गायत्री मन्त्र का जप किया करें।

कन्याओं को भी यज्ञोपवीत संस्कार का अधिकार है (धर्मशास्त्र)

शास्त्रों में दरज है कि वैदिक संस्कृति में कन्याओं को यज्ञोपवीत ग्रहण करने का वैसी ही अधिकार है जैसा बालकों को, वैदिक काल में स्त्रियां वेद-शास्त्र पढ़ा करती थी। गोभिलीय गृह्य सूत्र में लिखा है:-

प्रावृतां यज्ञोपवीतिनीम अभ्युदानयन् जपेत् सोमोऽददत् गन्धर्वाय इति

अर्थातः- कन्या को कपड़ा पहने हुये, यज्ञोपवीत धारण किये हुये पति के निकट लाये तथा यह मन्त्र पढ़ें। इस मन्त्र से स्पष्ट है कि कन्या यज्ञोपवीत किये हुये हो। यह श्लोक भी इसकी पुष्टि करता है।

पुराकल्पे हि नारीणां मौञ्जीबन्धन मिष्यते। अध्यापनं च वेदानां सावित्री वाचनं तथा।।

अर्थातः- प्राचीन काल में स्त्रियों का मौञ्जीबन्धन-संस्कार होता था, वे वेदादि शास्त्रों का अध्ययन भी करती थी। हारीत संहिता तथा पराशर संहिता में कहा है।

"द्विविधा स्त्रियां ब्रह्मावादिन्यः, सद्योवध्वश्च। तत्र ब्रह्मवादिनीनाम् उपनयनम्, अग्निबन्धनम्, वेदाध्ययनम् स्व-गृहे भिक्षा इति, वधूनाम तु उपस्थिते विवाह कथंचित उपनयनं कृत्वा विवाहः कार्यः"।

अर्थात्:- दो प्रकार की स्त्रियां होती हैं एक 'ब्रह्मवादिनी' जिन का उपनयन होता है, जो अग्निहोत्र करती है, वेदाध्ययन करती है अपने परिवार में ही भिक्षावृति से रहती है और दूसरी वे जिन का उपनयन संस्कार करके विवाह होता है। इसकी पुष्टी 'निर्णय सिन्धुकार' ने भी अपने पुस्तक के पृष्ट 414 पर की है।

वेद मन्त्रों के अर्थों को स्पष्ट करने वालों को 'ऋषि' कहा जाता है "ऋषयो मन्त्र द्रष्टारः' कई वेद मन्त्रों के अर्थ खोलने वाली 'ऋषिकायें' भी हुई है ऋग्वेद में इस प्रकार की लगभग 30 ऋषिकाओं के नाम आते हैं जैसे गार्गी, मैत्रेयी, मदालसा, अनुसूय्या, देवयानी, अहिल्या, कुन्ती, द्रोपदी इत्यादि गायत्री की उपासक रही है।

इसके अतिरिक्त मनु महाराज प्रत्येक धर्म कार्य में स्त्री-पुरुष का समान अधिकार मानते है। मनु ने घर में अग्निहोत्र आदि धर्मकार्यों के आयोजन की मुख्य जिम्मेदारी स्त्री को ही सौंपी है और यह आदेश दिया है कि पुरुष को प्रत्येक धर्म कार्य स्त्री को साथ लेकर करना चाहिये जैसे "शोचे धर्म अन्नपक्त्यां" अर्थात् घर की शुद्धि, धर्मकार्यों का आयोजन और भोजन बनाना आदि स्त्री को सौंपा है मनु ने संस्कारों को सभी के लिये समान रूप दिया है वहां पर स्त्री-पुरुष का कोई भेद नहीं है सभी संस्कार मन्त्रपूर्ववती करने चाहिये वह स्त्री का हो या पुरुष का संस्कार ब्रह्मण वर्ग के लिये जरूरी है चाहे वह स्त्री हो अथवा पुरुष।

काश्मीरी पण्डित लौगाक्ष के 24 संस्कारों को ही मानते हैं हम लड़की के केवल 9 संस्कार करते है। और लड़के के 24 संस्कार। मनु स्मृति में लिखा है 'जन्मना जायते शूद्रः संस्कारात् द्विज उच्चते' अर्थात् संस्कार करने पर ही हम अपने आप को ब्रह्मण कहला सकते हैं। शास्त्रों में लिखा है कि लड़की माता-पिता का क्रिया कर्म कर सकती है तथा लड़की अपने माता-पिता का दाह संस्कार भी कर सकती है परन्तु धर्म शास्त्र में यह भी लिखा है कि यज्ञोपवीत के बिना हम कोई भी धार्मिक कार्य अथवा क्रिया कर्म नहीं कर सकते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि वैदिक काल में कन्याओं का यज्ञोपवीत संस्कार होता था। यह बात भी है कि जब हम अपने लड़के का विवाह करते हैं तो लग्न के समय लड़के को छः धागों वाला यज्ञोपवीत पहनाते है और लड़के से कहता है कि पहले आप को तीन धागों वाला यज्ञोपवीत था अब छः धागों वाला यज्ञोपवीत है इसमें से तीन धागे आप को अपनी स्त्री के हैं अर्थात् आप को आज से अपनी स्त्री के धार्मिक कार्यों का चार्ज भी लेना है क्योंकि उसको गृहस्थ का पूरा कार्य है तथा बच्चों की देखभाल करनी है इस से स्पष्ट होता है कि लड़की को भी यज्ञोपवती धारण करने का अधिकार था परन्तु समय बीतने के साथ-साथ यह संस्कार केवल लड़कों तक ही सीमित रहा है जैसे कर्ण वेध का संस्कार पहले पहले दोनों

लड़कों तथा लड़कियों को करते थे परन्तु समय बीत जाने के साथ-साथ यह संस्कार केवल लड़कियों तक ही सीमित रहा। आप किसी वृद्ध माता जी से भी पूछें कि पहले पहल स्त्रियां भी लंगोट तथा आटीपन लगाती थी, आटीपन को मेखला कहते है जो कि यज्ञोपवती संस्कार पर ही कमर में बांधा जाता है इससे भी स्पष्ट होता है कि पहले पहल लड़कियों को भी यज्ञोपवीत संस्कार किया जाता था।

सम्पादक:

यज्ञोपवीत कब?

काश्मीरी पण्डित यज्ञोपवीत को विशेष महत्वपूर्ण स्थान देते आये हैं जबकि काश्मीरी पण्डितों का गायत्री मन्त्र सामूहिक गुरुमन्त्र है, यह संस्कार काश्मीरी पण्डितों की संस्कृति का अंग बन चुका है। धर्म शास्त्र की आज्ञा है यह संस्कार ब्राह्मण को 7वें वर्ष से 16 वर्ष तक करना चाहिये, प्राचीनकाल में यह संस्कार गुरुकुल में किया जाता था फिर तब से ब्रह्मचारी गुरुकुल में ही ठहरता था-चूँकि विद्यार्थी गुरुकुल में वेदों का पठन पाठन शास्त्र विद्या तथा शस्त्र विद्या यहां तक कि प्रत्येक प्रकार की विद्या को प्राप्त करता था तथा ब्रह्मचर्य का पालन 25 वर्ष तक करता था इसलिये उन विद्यार्थियों को ब्रह्मचारी कहते थे, जब ब्रह्मचारी गुरुकुल से विद्या सम्पूर्ण करके घर वापस आता था उसको समावर्तन कहते थे-गर्भ से लेकर यज्ञोपवती तक के 8 संस्कार बालक को घर में ही किये जाते थे। यज्ञोपवीत से लेकर 16 संस्कार काश्मीरी पण्डित ब्रह्मचारी को गुरुकुल में ही करते थे जो सभी संस्कार वेदों के पठन-पाठन से सम्बन्धित होते थे-"वेद" कहते हैं ज्ञान को, वह इंजीनरी हो या साइंस अथवा डाक्टरी आदि। समय बदलता है तो समय के साथ मनुष्य को भी बदलने पर विवश होना पड़ता है। अब हम यज्ञोपवीत संस्कार गुरुकुल के बदले घर में की करते हैं, केवल यज्ञोपवती ही नहीं बल्कि गर्भ से लेकर समावर्तन तक के सभी 24 संस्कार एक ही दिन में यज्ञोपवती के दिन ही करते हैं, मानिये अब यह संस्कार हम केवल अपनी प्राचीन संस्कृति को स्मारक रूप में जीवित रखने के लिये ही करते हैं।

आप के युग में गुरुकुलों का स्थान लिया है कॉलिजों और यूनिवर्सिटियों ने, वर्तमानकाल में जब तक एक विद्यार्थी वेदाभ्यास यानी ईंजीनरी, डाक्टरी व साईंस आदि कोई ट्रेनिंग कर रहा है वह विद्यार्थी तब तक ब्रह्मचारी ही कहलायेगा यदि दैवयोग से किसी कारण वश इस अवस्था तक विद्यार्थी का यज्ञोपवती न किया हो अवश्य कीजिये।

धर्मशास्त्र

धर्मिक रीति रिवाज संस्कृति के ही अंग माने जाते हैं, परन्तु जब वे रीति रिवाज धर्मशास्त्र के आधार पर हों। कहीं-कहीं धर्मशास्त्रों में मतभेद पाया जाता है, ऐसी दशा में देशाचार की भी प्रामाण्यता होती है-इन बातों को ध्यान में रखकर ही धर्मशास्त्र की चन्द बातें समय-समय पर काम आने वाली निम्नलिखित हैं।

सगोत्रः- जिन का आपस में एक ही गोत्र हो सगोत्री कहलाते हैं- सगोत्रियों का आपस में विवाह करना निषेध हैं, मातृपक्ष से चार पीढी तक पितृपक्ष से पांच पीढी तक विवाह नहीं कर सकते हैं।

दत्तकः- (मंगत लाना) अपने खानदान से दत्तक लाना धर्मशास्त्र के अनुसार उत्तम माना जाता है, दूसरे वंश का भी दत्तक लाया जा सकता है, साला (पत्नी का भाई) दत्तक लाना धर्मशास्त्र से निषेध है।

मुण्डनः- माता अथवा पिता के मरने पर मुण्डन करना पुत्र के लिये आवश्यक है, यदि बड़ा लड़का घर में न हो अथवा किसी कारण से क्रिया कर्म दाह संस्कार आदि न कर सके तो कोई भी पुत्र कर सकता है।

क्रिया कर्म का अधिकारी पुत्र, दाह संस्कार पर घर में न होने पर बाहरवें दिन तक जिस दिन भी घर पहुँचे उस दिन से ही व्रतधारी रह कर क्रिया कर्म कर सकता है, परन्तु क्रिया कर्म आरम्भ करने से पहले मुण्डन करना आवश्यक है।

अशौचः- दो प्रकार का होता है, जन्म का अशौच जिसे सूतक कहते हैं और दूसरा मरने का अशौच, जिस

को मृतक कहते हैं, अशौच दस दिन तक रहता है, बिना विवाह के कन्या का पिता के घर में मृत्यु हो तो तीन दिन का अशौच होता है विवाहित लड़की को 10 दिन के अन्दर जिस दिन भी माता-पिता के मृत्यु का सन्देश मिले तो उस दिन से लड़की को तीन दिन का अशौच होता है।

दो. अशौचः- एक साथ दो अशौच होने पर पहले अशौच के समाप्त होने पर ही दूसरे अशौच की भी शुद्धि होती है, उदाहरण के रूप में, किसी के पिता की मृत्यु होती है उस के दसवें दिन से पहले किसी दिन (पैतृव्य) चाचा की मृत्यु हो ऐसी दशा में जिस दिन पहला अशौच समाप्त होता है उसी दिन दूसरा अशौच भी समाप्त होता है, यदि जन्म के अशौच पर मरने का अशौच पड़े तो मरने का अशोच समाप्त होने पर ही शुद्धि होती है यदि दसवें दिन मरने के अशौच पर फिर से मरने का अशौच पड़े तो दूसरा अशौच समाप्त होने पर ही शुद्धि होती है, ऐसी स्थिति में दूसरा अशौच समाप्त होने पर दो दिन के लिये अधिक अशौच रहता है, यदि 11वें दिन मरने के अशौच पर फिर से मरने का अशौच पड़े तो अशौच समाप्त होने के बाद अधिक तीन दिन तक अशौच रहता है। सूतक का अशौच हो या मृतक का अंशौच 11वां दिन करना आवश्यक है, 12वां दिन अशौच समाप्त होने के पश्चात् भी किया जाता है, षड्मासिक पर भी किया जा सकता है।

छलुनः- दसवें दिन तक छलुन आवश्यक है, यदि लड़की दसवें दिन तक छलुन का कार्य न करे तो उस को ग्याहरवें, बाहरवें दिन के क्रियाकर्म में सम्मिलित होने का अधिकार नहीं है, छलुन के लिये शुभवार होनी चाहिये, यह बात याद रखिये हिन्दू संस्कृति के अनुसार एक सूर्योदय से दूसरे सूर्योदय तक वार होती है जिस समय छलुन हो शुभवार होनी चाहिये, शुभवार है सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और बृहस्पतिवार पंचक छलुन के लिये निषेध है।

अस्थि संचयः- अस्थियां मृत्यु के पश्चात् दस दिन के अन्दर ही गंगा में प्रवाहित करें यदि ऐसा न कर सके तो एक वर्ष के अन्दर किसी भी दिन प्रवाहित करें। यदि बच्चा मरा हुआ उत्पन्न हो अथवा उत्पन्न होते ही मरे उस बच्चे को लट्टठे में लपेट कर पृथ्वी को अर्पण करें, घर से गोद में उठाकर गड्ढा खोदने तथा पृथ्वी में अर्पण

करने के समय तक लगातार "ॐ नमः शिवाय" मन्त्र का बार-बार उच्चारण करें, दाँत निकलने तक जिस बच्चे का मृत्यु हो जाये उसका दाह संस्कार न करें अपितु उस को भी पृथ्वी अर्पण करें, दान्त निकलने के पश्चात् जो बच्चा मरे उस का दाह संस्कार करें, यज्ञोपवीत संस्कार के बिना कोई भी लड़का किसी भी आयु का हो उस की मृत्यु होने पर दाह संस्कार के पश्चात् दसवाँ दिन अवश्य करें, 11वां और बारहवां दिन न करें, उस बालक के निमित आने वाले किसी शुभवार पर बालकों को भी पूरी भोजनादि से तृप्त करें, उस मृतक बालक को जिन वस्तुओं पाठ्य पुस्तकों की ओर प्रवृति हो किसी निर्धन-विद्यार्थी को ऐसी वस्तुयें पुस्तकें वस्त्रादि दानरूप में दीजिये, या कोई आर्थिक सहायता कीजिये ताकि उसकी पढ़ाई आगे चल सके। **"श्रद्धया-देयम्-अश्रद्धया-देयम्"** देना ही शान्ति का मार्ग है।

श्राद्धः- श्राद्ध की जो तिथि हो, पंचांग में उस मास की वह तिथि देखें, यदि उस तिथि के साथ "दि" का चिन्ह हो तो श्राद्ध एक दिन पहले होता है, यदि "प्र" की निशानी हो तो श्राद्ध अपने ही दिन होगा, दिवा-प्रविष्ठ के आधार से पंचांग में, श्राद्ध और मध्याह्न" दर्ज है वहीं से देखिये। श्राद्ध के दिन अधिक भोजन न खायें, दिन को न सोये, ब्रह्मचर्य का पालन करें, दूसरे घर में खाना न खाइये, शराब अथवा किसी मादक द्रव्य का प्रयोग न कीजिये।

मासिक श्राद्ध (मासवार):- मासवार की जो तिथि हो उस तिथि का मध्याह्न देखना आवश्यक है मध्याह्न श्राद्ध किस दिन का कब होगा विजेयश्वर पंचांग में दर्ज है यदि श्राद्ध करने में आप असमर्थ हैं तो विधि अनुसार संकल्प करें। (श्राद्ध संकल्प विधि पंचांग में दर्ज है। तथा अपने गुरुदेव को भोजन दक्षिण आदि से तृप्त करें।

षठ् मासिक श्राद्धः- (षडमोस) मृतक के श्राद्ध की जो तिथि हो, मध्याह्न के आधार से उस तिथि का श्राद्ध कब होगा उस एक दिन पहले षठ्-मासिक श्राद्ध (षडमोस) करें और निश्चित मध्याह्न के दिन मासवार करें। जब किसी के षडमोस (षठ्-मासिक-श्राद्ध) में किसी प्रकार का विध्न पड़े तो षडमोस वार्षिक श्राद्ध (वहरवर) तक

किसी भी निश्चित मासवार तिथि पर किया जा सकता है।

वार्षिक श्राद्धः- (वहरव्र) देखते समय इस बात का ख्याल रखें यदि आप हर श्राद्ध में मध्याह्न देखते हैं तो वार्षिक श्राद्ध की तिथि में भी मध्याह्न देखिये यदि आप मध्याह्न देखते नहीं हैं तो निश्चित श्राद्ध की तिथि को 'दि' 'प्र' के आधार से देखिये, मध्याह्न के आधार से अथवा 'दि' 'प्र' के आधार से जिस दिन निश्चित तिथि का श्राद्ध आयेगा उस दिन से एक दिन पहले मासवार होगी। जब किसी के वार्षिक श्राद्धः- (वहरवर) में किसी प्रकार का विध्न आ पडे अर्थात् वह निश्चित तिथि पर वार्षिक श्राद्ध कर न सके तो वार्षिक श्राद्ध पितृपक्ष में निश्चित तिथि पर कर सकता है अथवा अगले वर्ष में जब वार्षिक श्राद्ध होगा तो उसी दिन वहरवर भी कर सकता है।

जब किसी अविवाहित लड़की की मृत्यु हो तो क्या करें?:- अविवाहित लड़की के मृत्यु पर तीन दिन का आशौच होता है उस की आत्मा को शान्ति दिलाने के लिये इन तीन दिनों तक आपके घर में भगवत्-गीता अथवा राम गीता की गूंज रहनी चाहिये, तीसरे दिन इस के निमित गरीब बच्चों में पुस्तकें अथवा किसी अनाथालय में दान के रूप में कुछ दे सकते हैं, उस का दसवां दिन इत्यादि नहीं होता है।

श्राद्ध करने न करने के सम्बन्ध में:- विवाह यज्ञोपवीत आदि संस्कार के पश्चात् छः मास तक श्राद्ध न करें, परन्तु इस बात को भूलिये मत, वह धर्माशास्त्र की आज्ञा माता-पिता के श्राद्ध पर लागू नहीं है, बल्कि माता-पिता का श्राद्ध अवश्य करना चाहिये, यदि किसी पितर का श्राद्ध करना हो परन्तु तिथि मास का ज्ञान न हो तो ऐसी स्थिति में मार्ग कृष्ण पक्ष अमावसी के दिन श्राद्ध करें, यदि श्राद्ध करने में आप असमर्थ हैं तो विध्यनुसार संकल्प करें, किसी योग्य पात्र को भोजन दक्षिणा आदि से तृप्त करें और स्वयं व्रतधारी रहिये, एक समय शुद्ध भोजन खाइये, श्राद्ध के दिन मांस का प्रयोग न करें, भगवान् [illegible] कहना है "देवयज्ञे पितृश्राद्धे तथा मांगल्य कर्मणे, तस्यैव नरके वासो यो कुर्यात् जीवघातनम्" जो [illegible] भी पितृ श्राद्ध विवाहादि मंगल कर्म में जन्मोत्सव आदि में मांस का प्रयोग करता है, वह नर्क में जाता है।

ज्येष्ठ महीनाः- यदि कन्या और वर दोनों की ज्येष्ठ अर्थात् प्रथम गर्भ के हूँ तो उन का विवाह ज्येष्ठ मास में नहीं करना चाहिये परन्तु दोनों में से यदि केवल एक ही ज्येष्ठ हो तो ज्येष्ठ मास में विवाह कर सकते हैं, यदि ज्येष्ठ मास में विवाह करना जरूरी हो तो ज्येष्ठ महीना में जब तक सूर्य कृतिका नक्षत्र में रहेगा कृतिका नक्षत्र में सूर्य कब तक रहेगा? (विजयेश्वर पंचांग में देखिये) तब तक विवाह करने में कोई दोष नहीं है। यज्ञोपवीत संस्कार के लिये ज्येष्ठ महीना तथा ज्येष्ठ लड़का होना निषेध नहीं है।

पंचकः- धनिष्ठा नक्षत्र के उत्तरार्ध से रेवती नक्षत्र के अन्त तक पांच नक्षत्र (धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपदा, उत्तराभाद्रपदा, रेवती) पंचक कहलाता है। पंचक में कौन-कौन काम करना निषेध है? दाह संस्कार, छलुन, दक्षिण की ओर जाना, मिट्टी, तेल, मिट्टी के बरतन, लकड़ी काटनी अथवा घर लानी, छत ल्यण्टर आदि डालना तथा विवाह संस्कार में मस मूचरून निषेध है, शेष सभी कामों के लिये पंचक शुभ माना जाता है।

देव गौणः- देवगौण के लिये कोई मुहूर्त, वार, तिथि इत्यादि देखने की कोई जरूरत नहीं हैं, विवाह तथा यज्ञोपवीत का देवगौण सात दिन पहले भी हो सकता है। देवगौण करके विवाह अथवा यज्ञोपवीत संस्कार के दिन तक यदि जन्म का अशौच पडे तो अशौच का दोष नहीं होता है, यदि यज्ञोपवती अथवा विवाह संस्कार का दिन निश्चित किया हो और जन्म अशौच पड़े तो यज्ञोपवीत अथवा विवाह संस्कार का दिन बदल लेना चाहिये यदि ऐसी न हो सके तो संस्कार के समय "कूष्माण्ड" की ऋचाओं से अग्नि में घी की आहुतियां डालने से शुद्धि होती है परन्तु मृतक के अशौच पर धर्मशास्त्र की यह आज्ञा लागू नहीं है अर्थात् मृतक अशौच पड़ने पर यज्ञोपवीत तथा विवाह संस्कार न करें।

त्र्यहः- जब किसी तिथि का क्षय होता है अर्थात् जब तिथि गुम होती है उस दिन हम पंचांग में त्र्यहः लिखते है जैसे विक्रमी 2060 में चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी भौमवार 15 अप्रैल को हम ने त्र्यहः लिखा है उस दिन त्रयोदशी तिथि प्रातः 8 बजे 23 मिनट (त्रयोदशी 8-23) प्रातः तक ही है फिर चतुर्दशी तिथि आरम्भ हो कर

रात के 4 बजे 51 मिनट पर समाप्त होती है जैसे (चतु. प्र. 4-51) अर्थात् वह दूसरे दिन प्रातः सूर्य उदय से पहले ही समाप्त होती है उसी कारण इस प्रकार की तिथि को हम गुम होना मानते है यदि इस गुम तिथि (त्र्यहः) पर किसी का जन्म दिन होगा तो उसे अपना जन्म दिन (पहली तिथि) त्रयोदशी को ही मनाना चाहिये क्योंकि चतुर्दशी तिथि गुम है इसी प्रकार कभी-कभी शुक्ल पक्ष अष्टमी भी गुम होती है तो वह व्रत भी सप्तमी को ही रखना चाहिये इसी प्रकार यदि किसी का श्राद्ध इत्यादि हो वह भी पहली तिथि पर ही करना चाहिये।

त्रिस्पृकः- जिस दिन अधिक तिथि होती है हम उस दिन त्रिस्पृक् अथवा (दिन अधिक) पंचांग में लिखते हैं अर्थात् उस दिन एक ही तिथि दो दिन रहती है जैसे 2060 में वैशाख कृष्ण पक्ष नवमी 24 अप्रैल तथा 25 अप्रैल को है यदि इस प्रकार की तिथि पर आप का जन्म दिन अथवा कोई देवव्रत (अष्टमी इत्यादि) आये तो यह दूसरी तिथि पर (25 अप्रैल) पर मनाना चाहिये, यदि श्राद्ध अथवा कोई भी पितृ कार्य ऐसी तिथि पर आये तो वह पहली तिथि (24 अप्रैल) के दिन ही मनाना चाहिये।

नोटः यदि आप माता अथवा पिता का श्राद्ध करना चाहते है तथा आप को श्राद्ध कराने के लिये गुरुजी मिलता नहीं है तो आप 'विजयेश्वर पंचांग कार्यालय' द्वारा प्रकाशित श्राद्ध पुस्तक तथा कैस्ट से अपने माता-पिता का श्राद्ध कर सकते हैं।

श्राद्ध

श्राद्ध का क्या अर्थ हैं?

शास्त्रों में लिखा है:- **'श्रद्धया दीयते' इति श्राद्धः 'श्रद्धया क्रियते यस्मात् श्राद्धं तेन प्रकीर्तितम्'।**

अर्थात्: श्रद्धा से किया जाने वाला वह कार्य जो पितरों के निमित किया जाता है अथवा पितरों के निमित श्रद्धा से जो कुछ भी दिया जाता

सारिणी देखने के लिये दोनों लड़के, लड़की की जन्मराशि का ज्ञान होना आवश्यक है, मानिये लड़के की राशि है मेष और लड़की की राशि है मिथुन। मेष राशि वाले का नक्षत्र होगा अश्विनी, भरणी अथवा कृतिका ओर मिथुन राशि वाले का नक्षत्र होगा मृगशिर, आर्द्रा पुनर्वसु, सारिणी में देखिये हर राशि के नीचे नक्षत्र लिखे हैं। उदाहरण के रूप में मानिये लड़के की राशि है मेष और नक्षत्र है भरणी, ऐसे ही लड़की की राशि है मिथुन मानिये नक्षत्र है **मृगशिर-सारिणी में देखियेः-** भरणी नक्षत्र की खड़ी पंक्ति और मृगशिर की पड़ी पंक्ति जहां आपस में मिलती है वहां सारिणी में 18 दर्ज हैं, यानी वधू-वर के मिलान में 18 गुण हैं, इसलिये यह मिलान शुभ है। दूसरा उदाहरण देखिये, लड़के की राशि है सिंह और नक्षत्र है मघा, लड़की की राशि है कन्या और नक्षत्र है "हस्त" सारिणी में देखिये "मघा" नक्षत्र की खड़ी पंक्ति और हस्त की पड़ी पंक्ति में केवल 16 गुण मिलते हैं अतः मिलाप शुभ नहीं होगा।

मंगल दोष विचार

1. शनि भौमोथवा कश्चित् पापोवा तादृशोभवेत्।
तेष्वेव भवनेषु भौम दोष विनाशकृत्।।

जिस जन्म कुण्डली में वह लड़की की हो या लड़के की 1, 4, 7, 8, 12वें घर में यदि मंगल हो उसी के जवाब में, जन्मचक्र से अथवा राशि चक्र से कोई क्रूरग्रह (यह आवश्यक नहीं मंगल ही हो) सूर्य, भौम, शनि, राहु इन्हीं घरों में यानी 1, 4, 7, 8, 12वाँ हों तो मंगल का दोष नहीं होता है।

2. "अजे लग्ने व्यये चापे पाताले वृश्चिकके कुजे,
द्यूने मृगे कर्किचाष्टे भौम दोषो न विद्यते।।"

लड़के अथवा लड़की की कुण्डली में, लग्न में मेष राशि का मंगल हो, वृश्चिक का मंगल चौथा हो,

मकर राशि में सातवाँ हो, कर्क का आठवां हो, धनु का बारहवाँ हो तो भौम का यानी मंगल का दोष नहीं होता है।

3. सप्तमस्थो यदा भौमो गुरुणा च निरीक्षितः
तदातु सर्वसौरण्यं स्यात् मंगलीदोष नाशकृत्।।
यदि सातवाँ मंगल हो, उस पर बृहस्पति की दृष्टि हो तो मंगल का दोष नहीं होता है।

4. भौम यदि वक्री, नीच, अस्त अथवा शत्रु के घर में हो तो मंगल का दोष नहीं होता है।

नाड़ी दोष अपवाद

1. लड़के अथवा लड़की का नक्षत्र यदि रेवती, रोहिणी, मृगशिर, तिष्या, कृतिका, उत्तराभाद्रपद्, श्रवणी, आर्द्रा तथा ज्येष्ठा हो तो नाड़ी दोष नहीं होता है।
2. यदि लड़के-लड़की में से एक की राशि कन्या और दूसरे की मिथुन, एक ही धनु, दूसरे की मीन, एक की तुला, दूसरे की राशि वृष हो तो नाड़ी दोष नहीं होता है।
3. वर तथा कन्या की राशि एक हो परन्तु नक्षत्र अलग-अलग हो तो नाड़ी दोष नहीं होता है अथवा वर तथा कन्या का नक्षत्र एक हो और राशि अलग-अलग हों तो नाडी दोष नहीं होता है।
4. नाड़ी दोष होने पर यदि पाद भेद हो तो भी नाड़ी दोष नहीं होता है।
5. वर और वधू के राशि स्वामियों अथवा नवांश स्वामियों की यदि आपस में मित्रता हो-तो राक्षस जाति तथा षष्ठाष्टक आदि का दोष नहीं होता है।

यात्रा प्रकरण

यात्रा के लिए उत्तम नक्षत्रः- अश्विनी, पुनर्वसु, अनुराधा, तिष्या, मृगशिर, रेवती हस्त धनिष्ठा।

यात्रा के लिए निषेध नक्षत्रः- भरणी, कृतिका, आर्द्रा, आश्लेषा, मघा, चित्रा, स्वाति, विशाखा।

यात्रा के लिये मध्यम नक्षत्रः- रोहिणी, उत्तराफा०, उत्तराषाढ़ा, उत्तरभा०, पूर्वाफा, पूर्वाषा, ज्येष्ठा, मूला, शतभिषक्।

यात्रा के लिये अशुभ योगः- कालदण्डः धौम्यः, ध्वांक्षः, उन्मूलम्, मुस्लम्, मुद्रगरम्, काण्डः, क्षयः, शूलम्।

यात्रा के लिये अशुभ चन्द्रमाः- अपनी राशि से चौथा, आठवाँ, बारहवाँ।

यदि यात्रा को जाना आवश्यक हो तो:- बृहस्पतिवार, शुक्रवार, रविवार को रात्रि में यात्रा को जाने में कोई दोष न मानिये, ऐसी ही सोमवार, शनिवार और मंगलवार-इन तीन वारों का दोष दिन को न मानिये।

वार दोष निवारण के लिये:- रविवार को सुपारी खाकर यात्रा को जायें, सोमवार को दूध अथवा खीर, मंगलवार को आँवला अथवा कांजी, खट्टी पदार्थ, बुधवार को मीठा, बृहस्पतिवार को दही, शुक्रवार को कच्चा दूध, शनिवार को उड़द अथवा तहर।

घातचन्द्र–घातवार

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन	राशि
1	5	9	2	6	10	3	7	4	8	11	12	चन्द्र
रवि	शनि	सोम	बुध	शनि	शनि	गुरु	शुक्र	शुक्र	भौम	गुरु	शुक्र	वार

मेष राशि वालों के लिए पहला घात चन्द्रमा है, ऐसे ही रविवार भी घातवार है, घातचन्द्रमा केवल यात्रा के लिये निषेध है।

यात्रा के लिए उत्तम योगिनी तथा चन्द्रमा

दिशा	वार	बायें योगिनी	पीछे योगिनी	सन्मुख चन्द्रमा	दायां चन्द्रमा
पूर्व	रवि, भौम, बुध, गुरु, शुक्र	द्वितीया दशमी,	षष्ठी चतुर्द,	मेष, सिंह, धनु,	मकर, कन्या, वृष,
पश्चिम	सोम, बुध, गुरु, शनि,	पंचमी, त्रायो,	प्रतिपदा, नवमी,	मिथुन, तुला, कुंभ	कर्क, वृश्चि, मीन
दक्षिण	सोम, भौम, बुध, शुक्र शनि	प्रतिपद् नवमी	द्वितीया, दशमी	मकर, कन्या, वृष,	मिथुन, तुला, कुम्भ
उत्तर	सोम, शुक्र, शनि, रवि	षष्ठी, चतुर्द	पंचमी, त्रयोदशी	कक, वृश्चिक, मीन	मेष, सिंह, धनु

देखने की विधिः

शत्रु मित्र चक्रम्

सूर्य का चन्द्रमा, भौम और गुरु मित्र है, शुक्र, शनि, राहु शत्रु है, बुध सूर्य का न शत्रु न मित्र हैं।

ग्रह	सूर्य	चन्द्र	भौम	बुध	बृहस्पति	शुक्र	शनि	राहु
मित्र	चन्द्र भौम गुरु	सूर्य बुध	सूर्य चन्द्र गुरु	सूर्य शुक्र राहु	सूर्य चन्द्र भौम	बुध शनि राहु	बुध शुक्र राहु	बुध शुक्र शनि
शत्रु	शुक्र शनि राहु	राहु	बुध राहु	चन्द्र	बुध शुक्र	सूर्य	सूर्य चन्द्र भौम	सूर्य चन्द्र भौम
सम	बुध	भौम शुक्र गुरु, शनि	शुक्र शनि	भौम गुरु शनि	शनि राहु	भौम गुरु	गुरु	गुरु

जन्म राशि की प्रधानता

विवाहे सर्वमांगल्ये यात्रादौ ग्रह गोचरे। जन्म राशेः प्रधानत्वं नाम राशि न चिन्तयेत्।। विवाहादि समस्त मंगल कार्य, यात्रा ग्रह दशा इत्यादि में जन्म राशि की ही प्रधानता है नाम राशि की नहीं। इस कारण जन्म राशि को ही देखना चाहिये।

बारह राशियों का वर्ष फल तथा मासिक फल 2011-12 के लिए

मेष राशि का वर्षफल (Aries)

नक्षत्र	अश्विनी				भरणी				कृतिका
चरण	1	2	3	4	1	2	3	4	1
नामाक्षर	चु	चे	चो	ला	ली	लू	ले	लो	आ

वर्ष के आरम्भ पर बाहरवें भाव में पांच ग्रहों सूर्य, चन्द्रमा, भौम, बुध तथा बृहस्पति की युति तथा ग्यारहवें भाव में शुक्र का होना शुभफल का सूचक है इस शुभ योग के प्रभाव से मेष राशि वालों के लिये यह वर्ष संर्घषमय होने के साथ साथ सफलता देने वाला वर्ष रहेगा। फलित ज्योतिष के अनुसार बारहवां सूर्य और मंगल शरीर सुख के लिये मध्यम माने जाते हैं परन्तु पांच ग्रहों की युति होने से शुभ फल देने वाले ही रहेंगे यदि आप के जन्म पत्री में मंगल की स्थिति अच्छी नहीं है तो आप को शरीर के विषय में सावधान रहने की आवश्यकता है ग्यारहवें भाव में शुक्र होने पर धन की वृद्धि, आदर व मान में वृद्धि, सभी कार्यों में सफलता, स्त्री सम्बन्धित सुखों में वृद्धि, मित्रों का पूर्ण सहयोग। गोचर चक्र के छठे भाव में शनि होने से धन, अन्न और सुख की वृद्धि शत्रुओं पर विजय, भूमि,



मकान आदि की प्राप्ति, शरीर स्वस्थ, गृहस्थ सुख का योग यदि आप को मकान इत्यादि की समस्या है तो वह समस्या इस वर्ष अवश्य हल होगी यदि आप को सन्तान पक्ष की ओर से किसी प्रकार की चिन्ता है तो उस चिन्ता का समाधान इस वर्ष अवश्य होगा। यदि आप विद्यार्थी हैं तो आप को कटिबद्ध होकर अध्ययन की ओर लगना पड़ेगा तभी आप सफलता की आशा रखें शरीर स्वस्थ रखने के लिये तथा प्रत्येक कार्य में सलता प्राप्त करने के लिये आप इस मन्त्र

का उच्चारण नित्य करें।

सर्वा बाधा प्रशमनं त्रैलोक्यस्या-खिलेश्वरि।
एवम्-एव त्वया कार्यं अस्मत् वैरि-विनाशनम्।।

मेष राशि का मासिक फल

अप्रैल: मास के आरम्भ पर बारहवें भाव में सूर्य, भौम तथा बृहस्पति का एक साथ होना शरीर सुख के सूचक नहीं हैं परन्तु शेष ग्रहों की स्थिति को देखते हुये किसी प्रकार का भय नहीं है। आप की आर्थिक स्थिति में थोड़ा बहुत सुधार की सम्भावना। विद्यार्थी वर्ग के लिये संघर्ष का महीना।

मई: मास के आरम्भ पर पांच ग्रहों का अशुभ स्थिति में होना चिन्ता तथा संघर्ष का सूचक है विशेष तौर से यह आप के शरीर को प्रभावित कर सकते हैं यदि आप नौकरी करते हैं तो दफतर का माहोल आप के अनुकूल होते हुये भी परेशानी का योग।

जून: मास के आरम्भ पर ग्रहों में थोड़ा सा परिवर्तन होने के कारण आप की परेशानी में कुछ कमी आयेगी तथा शरीर सुख में सुधार का योग। यदि आप किसी सामाजिक संस्था से सम्बन्ध रखते हैं तो वहां पर आदर व मान का योग, कारोबारी होने पर आप की आमदनी में सुधार, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

जुलाई: छः ग्रहों का शुभ स्थिति में होना शुभ फल का सूचक है आप जो भी कार्य करते हैं उस में सफलता का योग यदि आप नौकरी करते हैं तो दफतर में आदर व मान का योग गृहस्थ सुख का योग, सन्तन पक्ष से कोई शुभ न्देश की सम्भावना विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

अगस्त: मास के आरम्भ पर ग्रहों में विशेष परिवर्तन न होने के कारण यह मास भी गत मास की तरह शान्त माहोल में गुज़रेगा परन्तु आप की आर्थिक स्थिति में कुछ उतार चढाव रहेगा जो आपके लिये चिन्ता का कारण बनेगा, नौकरी पेशा होने पर दफतर का माहोल आप के अनुकूल रहेगा। विद्या प्राप्ति के लिये उत्तम मास।

सितम्बर: ग्रहों की अस्त व्यस्त स्थिति के कारण यह मास संघर्ष पूर्ण ही रहेगा, शरीर अस्वस्थ रहने का योग गृहस्थ की ओर से मानसिक अशान्ति, नौकरी पेशा होने पर अपने अफसर लोगों के साथ अन बन परन्तु किसी प्रकार के भय

का कोई योग नहीं।

अक्टूबर: आठवें भाव का चन्द्रमा और राहु आपके अशान्ति का विशेष कारण बनेगा चौथा भौम आप के शरीर को प्रभावित कर सकता है नौकरी पेशा होने पर शत्रु पक्ष आप पर हावी होने का प्रयत्न करेगी परन्तु ग्रहों की स्थिति को देखते हुये आप पर किसी प्रकार का बुरा प्रभाव नहीं पड़ेगा।

नवम्बर: पांच ग्रहों का शुभ होना तथा दो ग्रहों का वेध में होना। शुभफल को दर्शाता है जिस के प्रभाव से यह महीना हर प्रकार से सुख और शान्ति के माहोल में गुज़रेगा, आप की आर्थिक स्थिति में भी थोड़ा बहुत सुधार होने का योग, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

दिसम्बर: ग्रहों में विशेष परिवर्तन न होने के कारण यह मास शान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा, आप जो भी कार्य करते हैं सामान्य रूप से चलता रहेगा, गृहस्थ के किसी सदस्य के शरीर की चिन्ता का योग, कारोबारी होने पर आशा से अधिक लाभ का योग। विद्या प्राप्ति का उत्तम योग।

जनवरी: नये वर्ष का पहला मास मेष राशि वालों के लिये कोई विशेष तोहफा लेकर नहीं आया है जिस कारण यह महीना सामान्य रूप में ही गुज़रेगा, शुभाशुभ ग्रहों का पलडा एक जैसा होने के कारण किसी प्रकार की चिन्ता का कोई योग नहीं। विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

फरवरी: अशुभ ग्रहों का पलड़ा बारी होने के कारण अचानक परेशानी का योग, शरीर अस्वस्थ, अपने अफसर लोगों के साथ अनबन, स्त्री पक्ष की ओर से चिन्ता कारोबारी होने पर हानि का योग, या लोगों के पास पैसा फसने का योग, विद्यार्थियों के लिये अशान्ति का महीना।

मार्च: चार ग्रहों का शुभ होना शान्ति का ही सूचक है, ग्यारहवें भाव में सूर्य होने से आर्थिक स्थिति में सुधार परन्तु खर्च का योग भी प्रबल है। सन्तान पक्ष से कोई शुभ सन्देश का योग। नौकरी पेश होने पर अपने अफसर लोगों के साथ अच्छी प्रकार से बनती रहेगी।

वृष राशि का वर्षफल (Taurus)

नक्षत्र	कृतिका			रोहिणी				मृगशिरा	
चरण	2	3	4	1	2	3	4	1	2
नामाक्षर	ई	उ	ए	ओ	बा	बी	बू	बे	वो



गोचर चक्र में ग्यारहवें भाव में पांच ग्रहों के होने से वृष राशि वालों के लिये यह वर्ष एक यादगार वर्ष रहेगा गोचर फलित के अनुसार हर प्रकार से लाभ व धन प्राप्ति, उत्तम भोजन, नवीन पद, आध्यात्मिक एवं मांगलिक कार्यों का योग, सात्विकता में वृद्धि, राज्य कृपा, पदोन्नति का योग पिता से लाभ, आरोग्य और धन धान्य की प्राप्ति, आय में आशातीत वृद्धि, भूमि आदि से लाभ, भाइयों तथा सगे सम्बन्धियों से लाभ, कार्यों में सफलता का योग, शारीरिक सुख यश और धन की प्राप्ति, मित्रों और पारिवारिक सदस्यों से अच्छा मेल मिलाप, सन्तान प्राप्ति की संभावना, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि शत्रुओं की पराजय, विवाह अथवा पुत्र जन्म का योग, राज्याधिकारियों से सुख, शुभ कार्यों में रुचि इत्यादि गोचर चक्र के ग्रहों को वेधाष्टक वर्ग की कसौटी पर परखने से विदित होता है यह वर्ष वृष राशि वालों के लिये हर प्रकार से लाभदायक तथा सफलतादायक रहेगा। आप नौकरी करते हैं या कारोबार आप को आशा से अधिक लाभ मिलेगा। दफतर में हर समय आदर व मान का योग, यदि आपकी पदोन्नति किसी कारण रुकी हुई है उस का समाधान इस वर्ष अवश्य होगा, यदि आप किसी सामाजिक अथवा सियासी संगठन से सम्बन्ध रखते हैं उस में किसी पद की प्राप्ति का योग। विद्यार्थी होने पर यदि आप उच्चविद्या के लिये कोई परोग्राम बना रहे हैं तो उस को अमली रूप दीजिये सफलता अवश्य होगी। क्रूर ग्रहों को शान्त करने के लिये इस मन्त्र का उच्चारण नित्य करें।

शरणा-गत-दीनार्त-परि-त्राण-परायणे।
सर्वस्या-र्तिहरे-देवि-नारायणि-नमोऽस्तु ते।।

वृष राशि का मासिक फल

अप्रैल: मास के आरम्भ पर पांच ग्रहों का ग्यारहवें भाव में होना शुभफल का सूचक है आप जो भी कार्य करते हैं उस में सफलता के साथ लाभ। गृहस्थ सुख का उत्तम योग। घर पर किसी शुभ कार्य का आरम्भ होगाजो आपके लिये लाभदायक रहेगा, विद्यार्थियों के लिय सफलता देने वाला मास।

मई: मास के आरम्भ पर ग्रहों में विशेष परिवर्तन न होने के कारण यहमास भी गत मास की तरह शुभ माहोल में गुज़रेगा। आमदनी आशा से अकि रहेगी परन्तु खर्च के बड़े बड़े प्रोग्राम बनते रहेंगे, घर में किसी नवजात शिशु के आगमन का योग, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

जून: मास के आरम्भ पर ग्रहों में फेर बदल होने के कारण शरीर अस्वस्थ, बारहवां बृहस्पति तथा भौम आप के शरीर के प्रभवित करेंगे धन का फजूल खर्च अथवा हानि का योग दरबार की और से किसी प्रकार की चिन्ता का योग नहीं, विद्या प्राप्ति का उत्तम योग।

जुलाई: पहले भाव का भौम आपके स्वभाव में क्रोध की मात्रा को बढ़ायेगा आप की आमदनी अच्छी रहेगी, दरबार का माहोल आपके अनुकूल रहेगा। कारोबारी होने पर कारोबार में वद्धि का योग, छोटी मोटी यात्रा का योग जो आपके लिये लाभदायक रहेगी।

अगस्त: ग्रहों की डांवाडोल स्थिति के कारण यह मास संघर्ष के माहोल में ही गुज़रेगा आप जो भी कार्य करते हैं उसमें अचानक रुकावट तथा परेशानी परन्तु आप की आमदनी पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा। गृहस्थ की ओर से चिन्ता।

सितम्बर: अशुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होने पर भी यह मास आप के लिये लाभदायक रहेगा खर्च के बड़े प्रोग्राम बनेंगे, दफतर का माहोल आपके अनुकूल रहेगा, किसी महापुरुष के साथ मिलने का अवसर मिलेगा, अविवाहित होने पर विवाह की बात चल सकती है।

अक्टूबर: शुभाशुभ ग्रहों की स्थिति एक जैसी होने के कारण यह मास शुभ स्थिति में गुज़रेगा। नोकरी पेशा होने पर पदोन्नति का योग। यदि आप नौकरी की तलाश में हैं तो इस प्रकार के कागज़ों में कुछ हलचल होगी, गृहस्थी होने पर गृहस्थ की ओर से सुख व शान्ति विद्या प्राप्ति के लिये उत्तम महीना।

नवम्बर: मास के आरम्भ पर चौथा भौम आपके शरीर को प्रभावित कर सकता है यदि जातक से किसी अच्छे ग्रह की दशा चल रही है तो किसी प्रकार का भय नहीं है। सातवें भाव में तीन ग्रहों के कारण स्त्री पक्ष से मानसिक अशान्ति का योग, यदि आप को सन्तान पक्ष से किसी प्रकार की

चिन्ता है वह चिन्ता अवश्य दूर होगी।

दिसम्बर: शुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होने से यह महीना हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रेगा आप का कार्य अच्छी प्रकार से चलता रहेगा, आपकी आमदनी भी इच्छानुसार रहेगी परन्तु साथ ही खर्च के प्रोग्राम भी बनते रहेंगे, जिनकी प्रतीक्षा आप बहुत समय से कर रहे हैं, विद्या प्राप्ति के लिये अच्छा महीना।

जनवरी: मास के आरम्भ पर चौथे भाव का भौम तथा आठवें भाव का सूर्य शरीर सुख के शुभ सूचक नहीं है, भाग्यस्थान का शुक्र तथा गरहवें भाव का चन्द्रमा आपकी आमदनी को बड़ायेंगे। कारोबारी होने पर यदि आप अपने काम को बड़ाना चाहते हैं तो समय ज़ाया मत कीजिये।

फरवरी: ग्रहों की स्थिति एक जैसी रहने के कारण यह महीना भी शान्ति पूर्वक गुज़रेगा, हर कार्य में सफलता का योग, आप की आमदनी भी ठीक ही रहेगी, शरीर के विषय में सावधान रहने की ज़रूरत, दरबार का माहोल आप के अनुकूल रहेगा।

मार्च: मास के आरम्भ पर पांच ग्रहों का शुभ होना तथा एक ग्रह का वेध में होना शुभ फल का सूचक है इस योग के प्रभाव से आप को हरं कार्य में सफलता तथा लाभ। भाई, बन्धू, मित्रों से मेल मिलाप का योग तथा उनसे लाभ गृहस्थ पक्ष की ओर से शान्ति, विद्या प्राप्ति का उत्तम योग।

मिथुन राशि का वर्ष फल (Gemini)

नक्षत्र	मृगशिरा		आर्द्रा				पुनर्वसु		
चरण	3	4	1	2	3	4	1	2	3
नामाक्षर	का	कि	कू	ध	ह	छ	के	को	हा



गोचर चक्र के दसवें भाव में सूर्य चन्द्रमा तथा बुध के होने से धन, स्वास्थ्य, मित्रादि का सुख, राज्याधिकारियों और प्रतिष्ठित लोगों से मित्रता, प्रत्येक कार्य में सफलता, पदोन्नति का योग, मान गौरव की प्राप्ति, सभी कार्य सिद्ध होंगे, स्वस्थ शरीर, राज्य की ओर से धन और सम्मान की प्राप्ति, उत्तम गृहस्थ सुख, व्यवसाय में वृद्धि, मानसिक सुख, शान्ति के

साथ-साथ उत्तम गृहसुख, जनहित कार्यों में वृद्धि आशा से अधिक लाभ, घर में कोई मांगलिक तथा धार्मिक उत्सव, भाग्य में वृद्धि, मित्रों से लाभ, भाइयों से सहायता तथा प्रेम इत्यादि: गोचर चक्र के ग्रहों पर विचार करने से प्रतीत होता है कि मिथुन राशि वालों के लिये यह वर्ष संघर्ष के साथ सफलता पूर्ण रहेगा, गोचर चक्र में बृहस्पति की स्थिति अच्छी न होने के कारण संघर्ष का योग, चौथे भाव में शनि देव बैठकर दसवें भाव को पूर्ण दृष्टि से देख, रहा है फलित ज्योतिष के अनुसार शनि की दृष्टि को मनसूह माना जाता है इस कारण शनि आप के दरबार, कारोबार को प्रभावित कर सकता है परन्तु आप विश्वास रखें वह किसी प्रकार से हानि पहुंचाने में असफल रहेगा। भाग्यस्थान में शुक्र होने से प्रत्येक कार्य में सफलता का योग घर पर कोई शुभ कार्य करने का प्रोग्राम बनेगा जिस की आप बहुत दिनों से प्रतीक्षा कर रहे थे, गृहस्थ सुख का उत्तम योग, ज़मीन जाएदाद सम्बन्धित लाभ, विद्यास्थान का स्वामी शुक्र नवें भाव मं होने से पढ़ाई का उत्तम योग शनि को शान्त करने के लिये इस मन्त्र का उच्चारण नित्य करें

करोतु सा नः शुभ हेतुः ईश्वरी।
शुभानि भद्राणि अभिहन्तु चापदः।।

मिथुन राशि का मासिक फल

अप्रैल: मास के आरम्भ पर पांच ग्रहों का शुभ होना शुभफल का सूचक है विशेष तौर से नौकरी पेशा होने पर पदोन्नति का योग, आपकी आर्थिक स्थिति में विशेष्ज्ञ सुधार होगा गृहस्थ की ओर से शान्ति का योग, शरीर सुख उत्तम, अविवाहित होने पर विवाह सम्बन्धित बात चलने का योग विद्या प्राप्ति का उत्तम योग।

मई: मास के आरम्भ में ही शुक्र का दसवें भाव में जाना शुभ फल का सूचक नहीं है इस के प्रभाव से शरीर अस्वस्थ, मानसिक चिन्ता, नौकरी तथा व्यवसाय में अडचन आने का योग, कार्यों में रुकावट परन्तु शेष ग्रहों की स्थिति को देखते हुय किसी विशेष हानि का योग नहीं है।

जून: मास के आरम्भ में ही बृहस्पति, भौम तथा शुक्र ग्यारहवें भाव में आये हैं जो शुभ फल का संकेत है परन्तु साथ ही बारहवें भाव में सूर्य, चन्द्रमा तथा बुध एक साथ

हुये हैं जो अशुभ फल के सूचक हैं जो आपके शरीर को प्रभावित कर सकते हैं सब ग्रहों की स्थिति को देखते हुये यह मास शान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा।

जुलाई: शुभाशुभ ग्रहों का पलडा एक जैसा होने के कारण यह महीना हर प्रकारसे लाभदायक ही रहेगा क्योंकि ग्यारहवें भाव का बृहस्पति आपके लिये शुभ रहेगा, आपकी आमदनी भी अच्छी रहेगी परन्तु खर्च के प्रोग्राम भी बडते जायेंगे, गृहस्थ की ओर से लाभ, सन्तान सुख का योग, विद्या प्राप्ति के लिये उत्तम।

अगस्त: पहले भाव का भौम आपके शरीर को अस्वस्थ रख सकता है यदि जातक में भी भौम की स्थिति डांवां डोल है तो आपको शरीर के विषय में सावधान रहना होगा परन्तु गोचर चक्र में ग्यारहवें बृहस्पति के कारण किसी प्रकार की हानि का कोई योग नहीं है। विद्या प्राप्ति के लिये अच्छा महीना।

सितम्बर: इस मास के आरम्भ पर भौम देवता पहले भाव में ही बैठा है जो आपके शरीर को प्रभावित कर सकता है आप जो भी कार्य करते हैं। उस में हर प्रकार से लाभ तथा सफलता यदि आप को जाईदाद सम्बन्धित कुछ चिन्ता है उस का हल अवश्य होगा।

अक्टूबर: भौम अब आप के दूसरे भाव में आया है जो शरीर सुख का सूचक है शेष ग्रहों की स्थिति एक जैसी होने से यह मास भी गत मास की अपेक्षा अच्छे माहोल में गुज़रेगा, घर पर किसी प्रकार का प्रोग्राम बनेगा जिसमें सभी सगे सम्बन्धी सम्मिलित होंगे।

नवम्बर: मास के आरम्भ में आठवें भाव का चन्द्रमा आप को मान्सिक चंचलता रख सकता है, शत्रु पक्ष भी आप पर हावी होने की कोशिश करेगा। परन्तु वह असफल हो सकता है, गृहस्थ की ओर से लाभ, दरबार में आदर व मान का योग।

दिसम्बर: तीसरे भाव में भौम के आने से साहस में वृद्धि शत्रुओं पर विजय, राज्य की ओर से सहायता आमदनी में वृद्धि परन्तु खर्च के बडे बडे प्रोग्राम बनने का योग, घर पर कोई शुभ कार्य का योग तथा उस में हर प्रकार से सफलता, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

जनवरी: ग्रहों की स्थिति को देखते हुये यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रेगा आप जो भी कार्य करते हैं

उस में आशा से अधिक सफलता तथा लाभ, सन्तान पक्षसे कोई शुभ सन्देश, गृहस्थ की ओर से शान्ति, शरीर स्वस्थ, विद्या प्राप्ति का उत्तम योग।

फरवरी: मिथुन राशि वालों को पूरे दस महीने बृहस्पति का अनुग्रह होने के कारण यह मास भी हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रेगा आप का कार्य अच्छी प्रकार से चलता रहेगा, आपकी आमदनी भी खर्च के अनुसार ठीक ही रहेगी, दरबार में हर समय आदर व मान का योग।

मार्च: पांच ग्रहों का शुभ होना तथा ग्यारहवें भाव में बृहस्पति तथा शुक्र के एक साथ होने से यह महीना हर प्रकार से सफलता तथा लाभ से परिपूर्ण रहेगा, आपकी आमदनी भी आशा से अधिक रहेगी किसी महापुरुष से मिलने एक अच्छा अवसर मिल सकता है।

कर्कट राशि का वर्ष फल (Cancer)

नक्षत्र	पुन	तिष्य				आश्लेषा			
चरण	4	1	2	3	4	1	2	3	4
नामाक्षर	ही	हू	हे	हो	हा	ही	हू	डे	डो



वर्ष के आरम्भ पर ग्रहों की डांवां डोल स्थिति को देखते हुये कर्कट राशि वालों का शुभारम्भ अस्त व्यस्त ही रहेगा गोचर फलित के अनुसार नवें भाव में सूर्य, चन्द्रमा, भौम तथा बुध का एक साथ होना शुभफल का सूचक नहीं है परन्तु नवें भाव में बृहस्पति का होना फलित ज्योतिष में हर प्रकार से शुभ माना जाता है इस के अतिरिक्त आठवां शुक्र तथा तीसरे भाव का शनि भी शुभ ही माना जाता है ग्रहों की इस स्थिति पर विचार करने से प्रतीत होता है कि कर्कट राशि वालों का वर्ष का आरम्भ कुछ संघर्ष पूर्ण रहेगा परन्तु सामूहिक रूप से यह वर्ष लाभदायक तथा शान्ति देने वाला ही रहेगा। भाग्यस्थान के बृहस्पति को फलित ज्योतिष में एक महत्वपूर्ण स्थान मिला है जिस कारण धन और प्रतिष्ठा की वृद्धि, पुत्र सुख का योग, भाग्योदय राज्य में मान तथा पदोन्नति, हर कार्य में सफलता, भाइयों से सुख तथा लाभ, धार्मिक कार्यों में रुचि, यदि आप किसी सामाजिक अथवा सियासी गठबन्धन

से सम्बन्ध रखते हैं उसमें आदर व मान का योग, यदि आप किसी पथ प्रर्दशक की खोज में हैं समय आने पर वह स्वयम ही आप को मिलेगा, अपने सगे सम्बन्धियों से सम्बन्ध बड़ते रहेंगे जो आपके लिये लाभदायक रहेगा, यदि आपको गृहस्थ की ओर से अथवा सन्तान पक्ष से किसी प्रकार की चिन्ता है तो उस का समाधान इस वर्ष में अवश्य होगा, विद्यार्थियों के लिये हर प्रकार से संघर्ष का वर्ष क्रूर ग्रहों को शान्त करने के लिये इस मन्त्र का नित्य उच्चारण करें।

नंतेभ्य: सर्वदा भक्त्या चण्डिके दुरितापहे।
रूपं देहि जयंदेहि यशो देहि द्विषो जहि।।

कर्कट राशि का मासिक फल

अप्रैल: मास के आरम्भ पर अशुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होने से यह मास संघर्ष में ही गुज़रेगा आप जो भी कार्य करते हैं उसमें अचानक कुछ अडचन आने की सम्भावना, परन्तु किसी प्रकार की हानि का कोई योग नहीं है सगे सम्बन्धियों से अच्छा मेल मिलाप, विद्या प्राप्ति का उत्तम योग।

मई: ग्रहों में विशेष परिवर्तन न होने के कारण यह मास भी उत्थल पुत्थल माहोल में गुज़रेगा, उत्थल पुत्थल का मास होने पर भी हर प्रकार से लाभदायक रहेगा आप की आमदनी भी अच्छी रहेगी, शरीर स्वस्थ गृहस्थ की ओर से शान्ति, विद्या प्राप्ति का उत्तम योग।

जून: मास के आरम्भ पर सूर्य, चन्द्रमा तथा बुध का दसवें भाव में आना शुभफल का संकेत है इस शुभयोग के प्रभाव से हर कार्य में सफलता तथा लाभ, दरबार में हर समय आदर व मान का योग, नौकरी पेशा होने पर पदोन्नति का योग, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

जुलाई: बारवां सूर्य तथा चन्द्रमा आप के शरीर को अस्वस्थ रख सकता है तथा मानसिक अशान्ति का योग यदि जातक से किसी अच्छे ग्रह की दशा चल रही है तो किसी प्रकार की हानि का कोई योग नहीं है परन्तु आपकी आर्थिक रिथति में किसी प्रकार की तबदीली नहीं आएगी।

अगस्त: मास के आरम्भ पर बारहवें भाव का भौम शरीर सुख का सूचक नहीं है प्राय: रक्त विकार का योग या सर दर्द या आंखों में तकलीफ हो सकती है परन्तु नवें भाव के बृहस्पति के कारण किसी प्रकार के भय का कोई योग नहीं

है। विद्यार्थियों के लिये दौड़धूप का महीनां

सितम्बर: शुभाशुभ ग्रहों का एक जैसा होना शान्ति तथा लाभ का सूचक है आप की आमदनी ज्यों की त्यों रहेगी परन्तु खर्च के प्रोग्राम बनते रहेंगे, बारहवां भौम आपको शरीर की चिन्ता रखेगा, यदि आप को जमीन जाइदाद का मसला है तो उस का समाधान होने का योग।

अक्टूबर: मास के आरम्भ पर शुभ ग्रहों का पलडा भारी होना शुभ फल का संकेत है इस शुभ योग के प्रभाव से आप के सभी रुके हुये कार्य पूर्ण होंगे यदि आप को किसी प्रकार की कोई समस्या है उसका समाधान इस मास में होगा आपकी आर्थिक स्थिति में विशेष सुधार होगा विद्या प्राप्ति के लिये उत्तम महीना।

नवम्बर: ग्रहों की स्थिति पर विचार करने से प्रतीत होता है कि यह मास सर्व साधारण रूप से ही व्यतीत होगा आप की आमदनी ज्यों की त्यों रहेगी, स्त्री के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी, यदि आप नौकरी करते हैं तो अपने अफसर लोगां के साथ अनबन का योग, जो आपके लिये चिन्ता का कारण बनेगा।

दिसम्बर: गोचर फलित में दसवां बृहस्पति शुभ नहीं होता है परन्तु अनिष्ट कारक भी नहीं है आप का दसवें बृहस्पति होने से हर कार्य में संघर्ष का योग, परन्तु संघर्ष के साथ साथ सफलता का योग बनता है कम आमदनी पर भी सन्तुष्टि का योग, सन्तान पक्ष से कोई शुभ सन्देश सुनने का योग, विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

जनवरी: अशुभ ग्रहों का पलाडा भारी होने के कारण यह महीना संघर्ष के माहोल में ही गुज़रेगा आप की आमदनी पर थोड़ा बहुत प्रभाव पड़ सकता है जो आप के लिये चिन्ता का कारण बनेगा, गृहस्थ का माहोल भी आपके अनुकूल नहीं रहेगा शत्रु पक्ष आप पर हावी होने की कोशिश करेगा।

फरवरी: ग्रहों में कोई विशेष तबदीली न आने के कारण यह मास सर्व साधारण माहोल में ही गुज़रेगा नौकरी पेशा होने पर दफतर का माहोल आपके अनुकूल नहीं रहेगा जो आपके लिये चिन्ता का कारण बनेगा, यदि आप कारोबार करते हैं तो पैसा फंसनेका योग, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

मार्च: इस मास के गोचर चक्र के ग्रहों की स्थिति पर विचार

करने से मालूम होता है यह मास संघर्षमय ही रहेगा, बने बनाये कार्य बिगड़ सकते हैं यदि जातक में ग्रहों की स्थिति अच्छी होगी तथा किसी अच्छे ग्रह की दशा लच रही होगी तो किसी प्रकार की चिन्त का कोई योग नहीं है।

सिंह राशि का वर्षफल (Leo)

नक्षत्र	मघा				पूर्वा फाल्गुनी				उ फा0
चरण	1	2	3	4	1	2	3	4	1
नामाक्षर	मा	मी	मू	मे	मो	टा	टी	दू	टे

वर्ष के आरम्भ पर आठवें भाव में चार ग्रहों सूर्य, चन्द्रमा, भौम तथा बृहस्पति का होना शुभफल का संकेत नहीं है गोचर फलित के अनुसार अपने बुरे कर्मों की फल प्राप्ति, शत्रुओं से झगडा, पाचन शक्ति में कमज़ोरी, राजभय, स्त्री को कष्ट, अधिक खर्च, अपमान का भय, खांसी आदि के रोग, झगडा विवाद और मानसिक क्लेश धन हानि, किसी महान कष्ट में ग्रसित हो जाने की संभावना रहती है परदेशगमन, पुरुषार्थ निष्फल, नेत्र रोग, भाइयों से अनबन, पाप में अधिक प्रवृति कई व्यसनों में फसने का योग इत्यादि गोचर फलित में लिखा है। गोचर चक्र के ग्रहों को बेधाष्टक वर्ग की कसोटी पर परखने से विदित होता है इस वर्ष के पहले दो मास शरीर सुख के लिये मध्यम है क्योंकि चार ग्रह एक साथ आपके आठवें भाव में गये हैं जो आप के शरीर को प्रभावित करेंगे यदि जातक में भी



आप का मंगल कुछ खराब है तो आपको शरीर के विषय में सवधान रहना पडेगा। दो महीने के पश्चात् ग्रहों में परिवर्तन होने के कारण, बृहस्पति पूरे वर्ष के लिये आपके भाग्यस्थान में आता है जो शुभफल का सूचक है यह आपके भाग्योदय का वर्ष रहेगा आपकी आर्थिक स्थिति में भी विशेष सुधार होगा यदि आप वाहन, मकान इत्यादि विषय से चिन्तित हैं तो इस वर्ष में इस समस्या का समाधान अवश्य होगा गृहस्थी होने पर गृहस्थ सुख का उत्तम योग। जून मास तक राहु पांचवे भाव में रहने से विद्याार्थियों के लिये संघर्ष। क्रूर ग्रहों को शान्त करने के लिये निम्न लिखित मन्त्र का उच्चारण अवश्य करें।

रोगान् अशेषान् अपहंसि तुष्टा
रुष्टा तु कामान् सकलान् अभीष्टान्।
त्वां आश्रितानां न विपत् नराणां
त्वां आश्रिता ह्याश्रयतां प्रयान्ति।।

सिंह राशि का मासिक फल

अप्रैल: अशुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होने से यह महीना अशान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा, अशुभ ग्रह आप के शरीर को प्रभावित कर सकते हैं प्राय: रक्त विकार इत्यादि का ायेग, सन्तान पक्ष से भी अशान्ति का योग, आप की आमदनी अच्छी ही रहेगी परन्तु खर्च का योग भी प्रबल।

मई: यह मास भी गत मास की तरह डांवा डोल माहोल में ही गुज़रेगा क्योंकि अशुभ ग्रहों की स्थिति में किसीप्रकार की तबदीली नहीं हुई है गृहस्थी होने पर घर के किसी सदस्य के शरीर की चिन्ता, नौकरी पेशा होने पर दफतर का माहोल आप के अनुकूल रहेगा।

जून: मास के आरम्भ पर ग्रहों में विशेष परिवर्तन आंया है आपके भाग्यस्थान में बृहस्पति तथा शुक्र एक साथ बैठे हैं तथा तीन ग्रह दसवें भाव में गये हैं जो शुभ फल का इशारा है। यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में ही गुजरेगा, आप की आमदनी भी सन्तोष जनक रहेगी।

जुलाई: ग्यारवें भाव का सूर्य, चन्द्रमा और शुक्र आपको हर प्रकार से लाभ में रखेगा आप जो भी कार्य करते हैं आपको आशा से अधिक लाभ, नौकरी पेशा होने पर रुकी हुई पदोन्नति का योग, घर पर कोई मांगलिक कार्य करने का प्रोग्राम बनेगा विद्या प्राप्ति के लिये उत्तम महीना।

अगस्त: ग्रहों की स्थिति को देखते हुये यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रेगा आप की आमदनी में भी सुधार होगा, दरबार में आदर व मान का योग, कारोबारी होने पर आशा से अधिक लाभ, यदि आप अभी नौकरी की तलाश में हैं तो थोडा परिश्रम करनेसे यह मसला हल हो सकता है।

सितम्बर: पहले भाव का सूर्य शरीर सुख के लिये मध्यम माना जाता है परन्तु शेष ग्रहों के कारण इस का ज्यादा प्रभाव नहीं होगा, आप की आर्थिक स्थिती ज्यों की त्यों रहेगी परन्तु घर पर खर्च के बडे बडे प्रोग्रामों का प्लान बनता

रहेगा, विद्या प्राप्ति के लिये उत्तम महीना।

अक्टूबर: मास के आरम्भ पर अशुभ ग्रहों का पलडा भारी होने से अचानक चिन्ता का योग परन्तु नवां बृहस्पति होने से किसी प्रकार के अनिष्ट की कोई सम्भावना नहीं, बारवां भौम शरीर सुख का सूचक नहीं है आप की आमदनी पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं होगा।

नवम्बर: पहले भाव का भौम आपको शरीर से अस्वस्थ रख सकता है परन्तु शेष ग्रहों की स्थिति से किसी प्रकार के भय का कोई योग नहीं है। यदि आप को जमीन जाईदाद या वाहन इत्यादि का कोई मसला है वह इस मास में अवश्य हल होगा। विद्या प्राप्ति के लिये उत्तम महीना।

दिसम्बर: मास के आरम्भ पर तीन ग्रहों का शुभ होना तथा शेष ग्रहों का अशुभ स्थिति में होना चिन्ता का सूचक है परन्तु नवें भाव में बृहस्पति तथा साढसती समाप्त होने से यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रेगा तथा हर प्रकार से लाभदायक रहेगा, बिगडे कार्य भी सुधर जायेंगे।

जनवरी: शुभ ग्रहों का पलड़ा एक जैसा होने के कारण यह मास सुख और शान्ति में ही गुज़रेगा आप जो भी कार्य करते हैं वह अच्छी प्रकार से चलता रहेगा, लग्न में भौम होने से स्वभाव में चिडचिडापन या क्रोध की मात्रा अधिक होगी, धार्मिक कार्यों की और रुचि बड़ेगी।

फरवरी: पांच ग्रहों का शुभ होना हर प्रकार से लाभदायक तथा शान्ति दायक, आय में वृद्धि का योग परन्तु आमदनी के साथ साथ खर्च का योग भी प्रबल है सन्तान सुख का उत्तम योग यदि आप अविवाहित हैं इस प्रकार की बात का समाधान हो सकता है।

मार्च: ग्रहों की स्थिति को देखने से विदित होता है कि यह मास हर प्रकार से लाभदायक रहेगा प्रत्येक कार्य अच्छी प्रकार से होगा, घर पर सम्बन्धियों का आना जाना ज़ोरों पर रहेगा गृहस्थी होने पर गृहस्थ सुख का उत्तम योग, विद्या प्राप्ति का उत्तम योग।

कन्या राशि का वर्षफल (Virgo)

नक्षत्र	उ फाल्गुनी			हस्त				चित्रा	
चरण	2	3	4	1	2	3	4	1	2
नामाक्षर	टो	पा	पी	पू	ष	ण	ठ	पे	पो



वर्षारम्भ में गोचर चक्र में सातवें भाव में पांच गृहों की युति शान्ति सूचक नहीं है परन्तु शनि देव पहले भाव में बैठ कर इन पांचों ग्रहों पर अपनी दृष्टि पात करता है जिस के कारण यह सभी ग्रह शिथिल पड़ गये हैं जिस के फलस्वरूप कन्या राशि वालों के लिये यह वर्ष संघर्षमय होने के सथ साथ लाभदायक भी रहेगा छठे भाव में शुक्र का होना शुभ नहीं है शत्रु पक्ष आप पर हावी होने की कोशिश करेगा यदि नौकरी करते है तो आपको अपने अफसर लोगों के साथ सावधानी से चलना होगा नहीं तो आप हानि में रहेंगे। यदि आपको विभागीय कोई पदोन्नति का प्रोग्राम है तो उस में अडचन आने का योग। यदि आपको ज़मीन जाईदाद इत्यादि का मसला है तो इस प्रकार के मसले आप हाथ में न ले तो आपके लिये ठीक रहेगा यदि जातक से किसी अच्छे ग्रह की दशा चल रही है तो फिर क्रूर ग्रहों का बुरा प्रभाव आप पर नहीं होगा कन्या राशि वालों की साढसती भी चल रही है जो आपको दरबार तथा गृहस्थ पक्ष से चिन्तित रखेगा यदि आप अभी अविवाहित हैं तो इस वर्ष भी यह मसला लटकता रहेगा यदि आप नौकरी की तलाश में है तो थोड़ा सा परिश्रम करने से यह मसला अवश्य हल होगा। पांचवे भाव का स्वामी शनि होने से विद्यार्थियों में आलस्य की मात्रा बडेगी तथा पढाई की ओर प्रवृति कम रहेगी क्रूर ग्रहों के प्रभाव को कम करने के लिये इस मन्त्र का उच्चारण नित्य करें।

ज्वाला करालं अति उग्रम् अशेषा सुर सूदनम्
त्रिशूलं पातु नो भीते: भद्र कालि नमोस्तु ते।।

कन्या राशि का मासिक फल

अप्रैल: मास के आरम्भ पर अशुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होना अशुभ फल का ही संकेत है जिस कारण अचानक परेशानी चलते हुये कार्यों में अडचन, दरबार की ओर से चिन्ता यदि आप किसी सामाजिक संगठन से सम्बन्ध रखते हैं तो उस में अपयश की प्राप्ति, विद्यार्थियों के लिये परेशानी।

मई: ग्रहों में विशेष परिवर्तन न होने के कारण यह मास भी दौड धूप तथा संघर्ष के माहोल में ही गुज़रेगा आप नौकरी

करते हैं या कारोबार किसी भी कार्य में सन्तोष जनक सफलता का कोई योग नहीं है। विद्या प्राप्ति के लिये भी कठिन परिश्रम की आवश्यकता।

जून: मास के आरम्भ पर आठवें भाव का भौम तथा बृहस्पति शरीर सुख का सूचक नहीं है अत: आप शरीर के विषय में सावधान रहें यदि जातक में भौम खराब है तो चीर फाड का योग हो सकता है। गृहस्थ पक्ष की ओर से चिन्ता।

जुलाई: ग्रहों की स्थिति में कुछ सुधार होने से आप के दरबार में भी कुछ सुधार होगा अपने अफसर लोगों के साथ उठने बैठने का अवसर मिले जो आपके लिये लाभदायक रहेगा आपकी आमदनी में कुछ सुधार का योग, विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

अगस्त: बृहस्पति देव अभी आपके आठवें भाव में ठहरा है जो आपकी पाचन शक्ति को प्रभावित कर सकता है ग्यारहवां सूर्य तथा शुक्र आप की आर्थिक स्थिति में विशेष सुधार कर सकता है आपको आशा से अधिक लाभ होगा, खर्च के बड़े बड़े प्रोग्राम बनते रहेंगे।

सितम्बर: बारहवां सूर्य आठवां बृहस्पति आप के शरीर को अस्वस्थ रख सकता हैं विशेष तौर से आपकी पाचन शक्ति तथा सर अथवा आंखें प्रभावित हो सकती हैं। यदि आपको जातक में शनि की स्थिति ठीक है तो आप पर साढसती को प्रभाव कम पड़ेगा।

अक्टूबर: मास के आरम्भ पर ग्रहों में थोड़ा बहत सुधार होने से यह महीना शान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा, ग्यारहवें भाव की स्थिति दृढ होने से आपकी आमदनी में विशेष सुधार होगा परन्तु घर पर कोई मांगलिक कार्य का प्रोग्राम बनेगा जिसमं धन की बड़ी मात्रा खर्च हो सकती है।

नवम्बर: बारहवें भाव का भौम तथा आठवां बृहस्पति शरीर सुख के सूचक नहीं है प्राय: रक्त विकार अथवा चोट का भय कारोबारी होने पर हानि का योग अथवा लोगों के पास पैसा फस जाने का योग। यदि जातक में किसी अच्छे ग्रह की दशा चल रही है तो आप पर ज़्यादा कुप्रभाव नहीं होगा।

दिसम्बर: मास के आरम्भ पर ग्रहों में थोडा सा परिवर्तन आने से आप जो भी कार्य करते हैं उसमें सफलता का योग परन्तु भौम देवता आपके बारवें भाव में बैठ कर आपको शरीर से चिन्तित रख सकता है ग्रहों में थोडी तबदीली से

आपकी आमदनी में सुधार होगा, और आपका कार्यक्रम अच्छी प्रकार से चले गा।

जनवरी: शुभाशुभ ग्रहों का एक जैसा होना शुभ फल का ही संकेत है आप जो भी कार्य करते हैं उसमें अच्छी प्रकार से सफलता तथा लाभ, तीसरे भाव में राहु होने से स्थान परिवर्तन का योग जो आपके लिये लाभदायक रहेगा, गृहस्थ सुख का योग।

फरवरी: ग्रहों में विशेष परिवर्तन न होने के कारण यह मास भी गत मास की तरह शान्ति के माहोल मं ही गुज़रेगा आपकी आमदनी भी ज्यों की त्यों रहेगी परन्तु खर्च के प्लान बड़ते जायेंगे। जो आपके लिये चिन्ता का कारण बनेगा।

मार्च: आठवां शुक्र, दसवां चन्द्रमा तथा छठे भाव का सूर्य आपके लिये हर प्रकार से लाभदायक रहेगा नौकरी पेशा होने पर दरबार में आदर व मान का योग, आप की आमदनी में वृद्धि का योग, परन्तु बारहवां भौम आप को शरीर के विषय में चिन्तित रखेगा।

जन्मदिन तिथि के अनुसार मनाऐं

तुला राशि का वर्षफल (Libra)

नक्षत्र	चित्रा		स्वाति				विशाखा		
चरण	3	4	1	2	3	4	1	2	3
नामाक्षर	रा	री	रु	रे	रो	ता	ति	तू	ते

वर्ष के आरम्भ पर छः ग्रहों का शुभ होना हर प्रकार से शुभ फल का संकेत है गोचर फलित के अनुसार पांचवे भाव में शुक्र तथा छठे भाव में सूर्य, चन्द्रमा, भौम, बुध के होने से अन्न तथा धन की प्राप्ति तथा पुत्रादियों से प्रेम, यश की वृद्धि, शत्रुओं पर विजय, विभागीय परीक्षाओं में सफलता, आमोद प्रमोद की ओर प्रवृति, कार्य सिद्धि और सुख की प्राप्ति, अन्न वस्त्रादि का लाभ, शत्रुओं पर विजय, रोगों का नाश, राज्याधिकारियों से लाभ, शरीर स्वस्थ, अपने घर पर सुख पूर्वक रहने का अवसर तथा घर पर कोई ऐसा प्रोग्राम बनेगा जिस की प्रतीक्षा आप बहुत समय से कर रहे हैं, यदि आप किसी जाईदाद के खरीद फरोखत के चक्कर में हैं तो उस समस्या का समाधान इस वर्ष अवश्य होगा तथा आप के लिये हर प्रकार से

लाभदायक रहेगा। यदि आपको सन्तान पक्ष से किसी प्रकार की चिन्ता है वह नौकरी की हो या विवाह की, थोड़ा सा परिश्रम करने से यह समस्या भी अवश्य सम्पन्न होगी, कारोबारी होने पर यदि आप अपने कारोबार को बडावा देना चाहते हैं तो सावधानी से ऐसा



कदम उठायें। ऐसा न हो कि आपको लेने के देने पड़ें क्योंकि शनि देव आपके बारहवें भाव में बैठे हैं। विद्यास्थान में शुक्र होने से विद्या प्राप्ति का उत्तम योग यदि आप उच्च विद्या प्राप्ति के लिये कोई प्रोग्राम बना रहे हैं तो उसको अमली रूप दीजिये। ग्रह आपके अनूकूल हैं। क्रूर ग्रहों को शान्त करने के लिये इस मन्त्र का उच्चारण नित्य करें।

देहि सौभाग्यं आरोग्यं देहि मे परमं सुखम्।
रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषोजहि।।

तुला राशि का मासिक फल

अप्रैल: मास के आरम्भ पर शुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होने से यह मास हर प्रकार से सुख और शान्ति के माहोल में गुज़रेगा आपकी आमदनी भी सन्तोष जनक रहेगी शरीर स्वस्थ रहने का योग, आपकी साढसती भी चल रही है जो अपना प्रभाव अवश्य डालेगी। विद्या प्राप्ति के लिये अच्छा समय।

मई: ग्रहों में विशेष परिवर्तन न होने के कारण यह मास भी गत मास की तरह शान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा, शरीर स्वस्थ, आमदनी तथा खर्च का पलडा एक जैसा ही होगा, सन्तान पख से कोई शुभ सन्देश का योग, समाज में हर समय आदर व मान का योग।

जून: अशुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होना शुभफल का संकेत नहीं है आठवां सूर्य तथा चन्द्रमा आपके शरीर को प्रभावित कर सकते हैं सातवें भाव का भौम आपको गृहस्थ पक्ष से चिन्तित रख सकता है खर्च का योग भी प्रबल रहेगा, विद्या प्राप्ति के लिये उत्तम महीना।

जुलाई: मास के आरम्भ पर आठवें भाव का मंगल होने के कारण शरीर अस्वस्थ, रक्त विकार अथवा चोट का भय यदि जातक में मंगल की स्थिति ठीक है तो किसी प्रकार के भय का कोई योग नहीं है दरवार का माहोल आपके अनूकूल

रहेगा। आमदनी भी ठीक ही रहेगी।

अगस्त: शुभाशुभ ग्रहों का पलड़ा एक जैसा होने से यह मास हर प्रकार से शान्तिमय ही रहेगा। आप जो भी कार्य करते हैं वह अच्छी प्रकार से चलता रहेगा, आपकी आमदनी भी खर्च के अनुसार ही रहेगी, गृहस्थ पक्ष की ओर से चिन्ता का योग।

सितम्बर: ग्रहों की स्थिति पर विचार करने से मालूम होता है कि यह मास शान्तिमय होते हुये भी संघर्षमय ही रहेगा क्योंकि ग्रहों की स्थिति ही ऐसी है। यदि आप कारोबार करते हैं तो इसको बडावा देने का कोई प्रोग्राम मत बनाओ ऐसा न हो कि आप को हानि का मूंह दूखना पड़े।

अक्टूबर: शुभ ग्रहों का प्रभाव अधिक होने से यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रेगा, आप की आमदनी भी संतोष जनक रहेगी परन्तु खर्च के प्रोग्राम भी बनते रहेंगे, दरबार में आदर व मान का योग, छोटी यात्रा का योग।

नवम्बर: दूसरे भाव का बुध तथा ग्यारहवें भाव का भौम आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ करेगा कारोबारी होने पर फसा हुआ पैसा वापस आने का योग, यदि आप को ज़मीन जाईदाद का कोई मसला है तो उसकी ओर थोडा सा ध्यान देने से वह हल हो सकता है।

दिसम्बर: मास के आरम्भ पर ग्रहों में थोड़ा सा परिवर्तन आने से भाई, बन्धों सगे सम्बन्धियों से मेल मिलाप का योग तथा लाभ की प्राप्ति, आप की आर्थिक स्थिति सन्तोष जनक रहेगी, गृहस्थ पक्ष की ओर से मानसिक चिन्ता का योग, विद्या प्राप्ति का उत्तम योग।

जनवरी: ग्रहों की स्थिति पर विचार करने से विदित होता है कि आपकी आर्थिक स्थिति सन्तोष जनक रहेगी, नौकरीपेशा होने पर विभागीय पदोन्नति का योग कारोबारी होने पर कारोबार में वृद्धि, गृहस्थ सुख के साथ साथ सन्तान सुख का योग, विद्या प्राप्ति के लिये अच्छा महीना।

फरवरी: शनि देव पहले भाव में बैठ कर आप के सातवें भाव को पूर्ण दृष्टि से देख रहा है यह आपके गृहस्थ पक्ष से चिन्तित रखेगा, परिवार के किसी सदस्य के शरीर अस्वस्थ होने की चिन्ता का योग, आपकी आमदनी ठीक रहेगी, तथा खर्च का योग भी प्रवल।

मार्च: तुला राशि वालों की साढसती चल रही है साढसती का प्रभाव प्राय: अच्छा नहीं रहता है इस कारण यह मास

भी सर्वसाधारण रूप में ही व्यतीत होगा, परन्तु आपकी आमदनी ठीक रहेगी गृहस्थ पक्ष की ओर से चिन्ता का योग, दरबार की ओर से चिन्ता।

वृश्चिक राशि का वर्षफल (Scorpio)

नक्षत्र	वि0	अनुराधा				ज्येष्ठा			
चरण	4	1	2	3	4	1	2	3	4
नामाक्षर	चु	चे	चो	ला	ली	लू	ले	लो	आ

वर्ष के आरम्भ पर केवल दो ग्रहों का शुभ होना कोई शुभ संकेत नहीं है पांचवें भाव में पांच ग्रहों की युति भी शुभ फल की सूचक नहीं गोचर फलित के अनुसार शारीरिक तथा मानसिक शक्ति में कमी धन हानि, शरीर कष्ट, राज्याधिकारियों से वाद विवाद चोट और भय, कार्यों में असफलता मानसिक अशान्ति, सन्तान पक्ष से चिन्ता, पाप कर्मों की ओर अधिक प्रवृति, मान हानि का योग, इत्यादि गोचर फलित के आधार से। शुभाशुभ ग्रहों को वेधाष्टकवर्ग की कसोटी पर परखने से प्रतीत होता है कि वृश्चिक राशि वालों के लिये यह वर्ष संघर्ष



मय होते हुये भी हर प्रकार से सफलता तथा लाभ देने वाला वर्ष रहेगा, फलित ज्योतिष के आधार से बृहस्पति तथा शनि का शुभ होना हर प्रकार से शुभफल के सूचक है पांचवें भाव का बृहस्पति होने से सुख और आनन्द की प्राप्ति, हर कार्य में सफलता, पद की प्राप्ति कारोबार में उन्नति, किसी प्रकार का स्थिर लाभ, घर में मांगलिक उत्सव, पुत्र प्राप्ति का योग, कारोबारी होने पर लोहे, भूमि, मशीनरी पत्थर, सीमेन्ट आदि में लाभ पदोन्नति का योग, यदि आप नौकरी की तलाश में हैं तो थोड़ा सा परिश्रम करने से आप की यह समस्या हल हो जायेगी, विद्यास्थान में बृहस्पति के साथ चार क्रूर ग्रहों का होना संघर्ष का ही सूचक है इस कारण कडे परिश्रम की आवश्यकता है क्रूर ग्रहों को शान्त करने के लिये इस मन्त्र का नित्य उच्चारण करें।

प्रणतानां प्रसीद त्वं देवि विश्वार्ति हारिणि।
त्रैलोक्य वासिनां ईड्ये लोकानां वरदा भव।।

वृश्चिक राशि का मासिक फल

अप्रैल: गोचर चक्र में बृहस्पति तथा शनि का शुभ होना हर प्रकार से लाभदायक है हर कार्य में सिद्धि, शरीर स्वस्थ, गृहस्थ की ओर से शान्ति, नौकरी पेशा होने पर दरबार में आदर व मान का योग तथा पदोन्नति का अवसर भी मिल सकता है। विद्या प्राप्ति के लिये उत्तम महीना।

मई: ग्रहों की स्थिति गत मास जैसी होने के कारण यह मास भी हर प्रकार से शान्तिमय माहोल में गुज़रेगा आपकी आमदनी तथा खर्च एक जैसा रहेगा, घर पर मेहमानों का आना जाना ज़ोरों पर रहेगा, गृहस्थ सुख तथा शरीर स्वस्थ।

जून: मास के आरम्भ पर ही ग्रहों में विशेष हेर फेर के कारण यह मास संघर्ष मय ही रहेगा, शारीरिक परेशानी का योग, सातवें भाव में तीन ग्रहों के कारण स्त्रीपक्ष की ओर से परेशानी यह मास अशान्ति का होते हुये भी आपकी आमदनी ठीक ही रहेगी।

जुलाई: अशुभ ग्रहों का पलडा भारी होने के कारण यह मास अशान्ति के माहोल में गुज़रेगा आठवां सूर्य चन्द्रमा आपके शरीर को अस्वस्थ रख सकता है। सातवां भौम स्त्री पक्ष से चिन्तित रख सकता है शनि देव आप के ग्यारहवें भाव में बैठकर आपकी आमदनी को सुदृढ़ रखेगा।

अगस्त: मास के आरम्भ पर चार ग्रहों का शुभ होना हर प्रकार से शुभफल को दरशाते हैं आप जो भी कार्य करते हैं आपका कार्य अच्छी प्रकार से चलता रहेगा आप की आमदनी सन्तोष जनक रहेगी, शरीर अस्वस्थ रहेगा, चोट का भय, विद्या प्राप्ति के लिय परिश्रम की ज़रूरत।

सितम्बर: ग्रहों की स्थिति को देखने से विदित होता है कि यह मास हर प्रकार से लाभदायक रहेगा, घर पर कोई मांगलिक कार्य करने का प्रोग्राम बन सकता है जिस की प्रतीक्षा आप बहुत समय से कर रहे थे, आठवां भौम आप को शरीर से चिन्तित रख सकता है।

अक्टूबर: शुभाशुभ ग्रहों का पलड़ा एक जैसा होने के कारण यह महीना हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रेगा आपकी आमदनी भी सन्तोष जनक रहेगी परन्तु, खर्च के बड़े बड़े प्लान बनते रहेंगे। शरीर स्वस्थ, गृहस्थ पक्ष से लाभ तथा शान्ति, विद्यार्थियों के लिये सफलता का महीना।

नवम्बर: फलित ज्योतिष में शनि तथा बृहस्पति की स्थिति अच्छी होनी चाहिये परन्तु मास के आरम्भ पर केवल शनि देव अच्छी स्थिति में है तथा बृहस्पति अशुभ जिसके प्रभाव से सामाजिक स्थिति कुछ डावां डोल ही रहेगी परन्तु आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

दिसम्बर: मास के आरम्भ पर शनि देव ने अपना स्थान बदला है वह आपके बारहवें भाव में आया है जो फजूल खर्च का सूचक है अथवा कारोबारी होनेपर हानि का योग पहले भाव में राहु होने से अशान्ति का योग, शत्रु पक्ष आप पर हावी होने का प्रयत्न करेगा जो आपके लिये चिन्ता का कारण बनेगा।

जनवरी: ग्रहों में कोई विशेष परिवर्तन न होने के कारण यह मास भी गत मास के समान ही गुज़रेगा, बारहवां सूर्य आपके शरीर को प्रभावित कर सकता है। आपकी साढ़सती भी 15 नवम्बर से आरम्भ हुई, जो आपको आरम्भ में कुछ अशान्ति ही दे गी।

फरवरी: अशुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होने के कारण यह मास सर्वसाधारण रूप में ही गुरेगा लग्न का राहु आपको हर समय चिन्तित रखेगा तथा दोड़धूप में ही आपको रखेगा, शत्रु पक्ष आप पर हावी होने का प्रयत्न करेगा जो आपके लिए परेशानी का कारण बनेगा। विद्यार्थियों के लिये सफलता देने वाला मास रहेगा।

मार्च: अशुभ ग्रहों ने गोचर चक्र को चारों ओर से जकड़ लिया है जिस कारण यह मास संघर्ष के माहोल में ही गुज़रेगा शनि देव आप की आमदनी पर प्रभाव डालेगा आठवां चन्द्रमा होने से हर ओर से चिन्ता का योग, विद्यार्थियों क लिये सफलता का योग।

धनु राशि का वर्षफल (Sagittarius)

नक्षत्र	मूला				पूर्वाषाढा				उत्तरा0
चरण	1	2	3	4	1	2	3	4	1
नामाक्षर	ये	या	भा	भि	भु	फ	ढ	भ	भे

वर्ष के आरम्भ पर तीन ग्रह शुभ स्थिति में हैं तथा तीन ग्रह वेध में हैं वेध में गया हुआ ग्रह शुभ फल को देता है तो गोचर फलित के अनुसार चौथा बुध, तीसरा शुक्र तथा पहले



भाव का राहु होने से जमीन, जायदाद में वृद्धि, अच्छे विद्वानों तथा अच्छे पुरुषों तथा उच्च पदस्थ लोगों से मित्रता, घरेलू जीवन का सुख, मित्रों की वृद्धि, शत्रुओं की पराजय, धन की प्राप्ति, साहस में वृद्धि, मान सम्मान में वृद्धि, भाग्योदय राज्य की ओर से लाभ, बहिन भाइयों का सुख, धार्मिक प्रवृति में बढोतरी इत्यादि। फलित ज्योतिष के आधार से शुभग्रहों तथा वेध में गये हुये ग्रहों पर विचार करने से प्रतीत होता है कि धनु राशि वालों के लिये यह वर्ष हर प्रकार से लाभदायक ही रहेगा गोचर चक्र मं चौथे भाव में पांच ग्रहों की युति शुभफल को ही दरशाती है विशेष तौर से जायदाद सम्बन्धित यदि कोई समस्या है तो उस का समाधान अवश्य होगा और आपको लाभ में रखेगा यदि मकान, वाहन इत्यादि का कोई प्रोग्राम है इस वर्ष अवश्य इस का समाधान होगा, दसवें भाव में शनि का होना दरबार में हर समय आदर व मान का योग यदि आप नौकरी करते हैं तो पदोन्नति का योग। यदि आप नौकरी की तलाश में हैं तो थोडा सा परिश्रम करने से नौकरी अवश्य मिलेगी, गृहस्थी होने पर गृहस्थ सुख का योग लग्न का राहु तथा चौथा भौम आपको कभी कभी शरीर से अस्वस्थ रख सकते हैं परन्तु किसी प्रकार के भय का कोई योग नहीं विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का वर्ष। शुभ ग्रहों को शान्त करने के लिये इस मन्त्र का पाठ नित्य किया करें।

शूलेन पाहि नो देवि पाहि खड्गेन चाम्बिके।
घण्टास्वनेन नः पाहि चाप-ज्यानिः स्वनेन च।।

धनु राशि का मासिक फल

अप्रैल: शुभाशुभ ग्रहों की स्थिति को देखने से विदित होता है कि यह मास हर प्रकार से लाभदायक तथा शान्तिमय माहोल में ही गुज़रेगा, आप जो भी कार्य करते हैं वह अच्छी प्रकार से चलता रहेगा, आपकी आमदनी भी ठीक ही रहेगी, शरीर स्वस्थ, गृहस्थ सुख का योग विद्या प्राप्ति के लिये उत्तम।

मई: ग्रहों की स्थिति को देखते हुये प्रतीत होता है कि यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रेगा नौकरी पेशा

होने पर दरबार में आदर व मान का योग, कारोबारी होने पर हर प्रकार से लाभ जायदाद सम्बन्धित समसयाओं का समाधान होने का योग, विद्या प्राप्ति का उत्तम योग।

जून: पांच ग्रहों का शुभ होना शुभफल का संकेत है तीन ग्रहों, सूर्य, बुध तथा चन्द्रमा का छठे भाव में होने से शत्रु पक्ष आप पर हावी नहीं हो सकता है जिस कारण आपको दरबार की ओर से लाभ तथा आदर व मान, आपकी आमदनी भी सन्तोष जनक रहेगी।

जुलाई: मास के आरम्भ पर तीन ग्रहों का सातवें भाव में होना शुभ नहीं है गृहस्थ पक्ष की ओर से चिनता, घर के किसी सदस्य के शरीर की चिन्ता, चलते कार्यों में रुकावट आने का योग परन्तु थोड़ा बहुत परिश्रम करने से सभी कार्यों में सफलता का योग।

अगस्त: शुभाशुभ ग्रहों का पलड़ा एक जैसा होने से यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा आपकी आमदनी ठीक रहेगी परन्तु खर्च के प्रोग्राम बनते रहेंगे जिस पर अच्छी खासी धन राशि खर्च होगी। विद्या प्राप्ति के लिये शुभ महीनां

सितम्बर: मास के आरम्भ पर बारहवें भाव का राहु होने से खर्च का अधिक योग, कारोबारी होने पर हानि की सम्भावना अथवा फजूल खर्च का योग, घर पर कोई मांगलिक कार्यक्रम का प्रोग्राम भी बन सकता है जिसकी प्रतीक्षा आप बहुत समय से करते थे।

अक्टूबर: मास के आरम्भ पर ग्रहों की अस्त व्यस्त स्थिति को देखते हुये यह मास संघर्षमय होते हुये भी हर प्रकार से लाभदायक ही रहेगा आठवें भाव का मंगल आपको शरीर के विषय में चिन्तित रख सकता है प्राय: रक्त विकार अथवा चोट का भय, विद्या प्राप्ति को उत्तम योग।

नवम्बर: बारहवें भाव का बुध, शुक्र तथा राहु आपके लिये अशान्ति लेकर ही आये हैं जिस कारण यह मास हर प्रकार से अशान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा, यदि आप किसी सामाजिक संगठन से सम्बन्ध रखते हैं तो उस में अपमानित होने का योग।

दिसम्बर: मास के आरम्भ पर चार ग्रहों का शुभ होना विशेष तौर से बृहस्पति का शुभस्थिति मेंहोना हर प्रकार से लाभदायक तथा शान्ति देने वाला महीना है आपकी आमदनी भी खर्च के अनुसार ही रहेगी, स्त्री पक्ष से शान्ति का योग, विद्यार्थियों

के लिये सफलता का महीना।

जनवरी: शुभाशुभ ग्रहों की स्थिति को देखने से विदित होता है कि यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रेगा आप जो भी कार्य करते हैं नौकरी या व्यापार आप लाभ में ही रहेंगे दरबार में आदर व मान का योग, सन्तान पक्ष से कोई शुभ सन्देश का योग अथवा घर में नवजात शिशु के आने का योग।

फरवरी: बारहवें भाव का राहु आपको अशान्त वातावरण में रख सकता है धन का फजूल खर्च कारोबारी होने पर हानि का योग भी, गयारहवां शनि आप की आमदनी को सुदृढ़ रखेगा, यदि आप को सन्तान पक्ष से कोई चिन्ता है उस का समाधान अवश्य होगा।

मार्च: मास के आरम्भ पर पांच ग्रहों का शुभ होना शुभ फल को दर्शाता है इस शुभ योग के प्रभाव से आप के प्रत्येक कार्य में सफलता तथा लाभ गृहस्थी होने पर गृहस्थ की ओर से लाभ तथा शान्ति, घर पर कोई मांगलिक कार्य करने का प्रोग्राम बन सकता है।

मकर राशि का वर्षफल (Capricorn)

नक्षत्र	उत्तराषाढा			श्रावण				धनिष्ठा	
चरण	2	3	4	1	2	3	4	1	2
नामाक्षर	भो	जा	जी	खी	खू	खे	खो	गा	गी

गोचर चक्र में वर्ष के आरम्भ पर चार ग्रहों का शुभ होना तथा एक ग्रह का वेध में होना शुभ फल का सूचक है गोचर फलित के अनुसार रोगों से मुक्ति, सज्जनों एवं उच्च राज्याधिकारियों से मेल मिलाप, पुत्रों तथा मित्रों से धन लाभ तथा सम्मान, आदर मान व प्रतिष्ठा की प्राप्ति, पदोन्नति का योग, शरीर स्वस्थ शत्रुओं पर विजय भाग्य में वृद्धि, साहस में वृद्धि, धातुओं से धन की प्राप्ति राज्य की ओर से सहायता, तर्क शक्ति में वृद्धि, धन की प्राप्ति, स्त्री सुख, सन्तान प्राप्ति का योग, विद्या में उन्नति, गायन वादन में रुचि शत्रुओं पर विजय इत्यादि गोचर चक्र के शुभाशुभ ग्रहों को वेधष्टक वर्ग की कसौटी पर परखने से विदित होता है कि यह वर्ष मकर राशि वालों के लिय हर प्रकार से लाभदायक

तथा हर क्षेत्र में सफलता देने वाला रहेगा यदि आप किसी सामाजिक अथवा सियासी संगठन से सम्बन्ध रखते हैं तो उस में हर प्रकार से आदर मान व प्रतिष्ठा का योग तथा लाभ की प्राप्ति यदि आप नौकरी करते हैं तो आप को दरबार में आदर व मान का

योग तथा पदोन्नति का अवसर जिस की आप बहुत दिन से प्रतीक्षा करते आये हैं। आपकी आमदनी भी सन्तोष जनक रहेगी, घर पर कोई मांगलिक कार्य का प्रोग्राम भी बन सकता है। विद्यार्थियों के लिये संघर्षमय वर्ष होते हुये भी सफलता देने वाला वर्ष रहेगा, क्रूर ग्रहों को शान्त करने के लिये इस मन्त्र का उच्चारण नित्य करें।

सर्वा बाधा विनि मुक्तो धन धान्य सुतान्वितः।
मनुष्यो मत् प्रसादेन भविष्यति न संशयः।

मकर राशि का मासिक फल

अप्रैल: शुभाशुभ ग्रहों के अनुसरा यह मास हर प्रकरा से लाभदायक तथा शान्ति मय रहेगा आपकी आमदनी भी सन्तोष जनक रहेगी, दरबार में आदर व मान का योग, भाई बन्धु तथा रिशतेदारों के साथसम्बन्ध सुदृढ़ रहेंगे, गृहस्थी होने पर गृहस्थ सुख।

मई: शुभ ग्रहों का पलड़ा भारी होनेसे यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में गुज़रेगा, बारहवां राहु आपको मानसिक अशान्ति भी रख सकता है परन्तु किसी हानि का कोई योग नहीं है आप जो भी काम करते हैं वह अच्छी प्रकार से चलता रहेगा।

जून: मास के आरम्भ पर ग्रहों में थोड़ा सा बदलाव आने से यह महीना संघर्षमय होते हुये भी लाभदायक ही रहेगा यदि आप को ज़मीन जायदाद का कोई मसला है तो वह मसला इस मास में हल होगा अथवा हल होने के आसार दिखाई देंगे। विद्यार्थियों के लिये संघर्ष का महीना।

जुलाई: शुभाशुभ ग्रहों पर विचार करने से प्रतीत होता है कि यह मास हर प्रकार से शान्ति के माहोल में ही गुज़रेगा राहु दवे का ग्यारहवें भाव में आना आमदनी में वृद्धि का सूचक है यदि आप को सन्तान पक्ष से कोई परेशांनी है तो

उसका समाधान इस मास में अवश्य होगा।

